महाराष्ट्र से जितने भी कारखाने जाएंगे, वे सब गुजरात में जाएंगे। यह त्रिभुवन पटेल जी का त्याग है। दुग्ध उत्पादक किसानों की लड़ाई हुई। उसमें वल्लभभाई पटेल, मोररजी देसाई और त्रिभुवन पटेल जी थे। आज आप उनके नाम से त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी बना रहे हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट, आणंद, यह आणंद भी गुजरात में है। आनंद ही आनंद है, आज कल सब कुछ आनंद ही चल रहा है। इसमें एक बात का स्वागत करते हुए मुझे कर्मवीर भाऊराव पाटील जी की याद आती है। कर्मवीर भाऊराव पाटील जी ने स्कूल के लिए घर-घर जाकर पैसे मांगे थे। वे खुद ज्यादा पढ़े-लिखे नहीं थे और प्रबोधनकार ठाकरे जी, जो वंदनीय हिन्दू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे जी के पिताजी थे। उन दोनों ने मिलकर, जब उन्होंने देखा कि उस वक्त भी बहुत रईस लोग थे, तो वे कहते थे कि आप हमारे नाम से स्कूल-कॉलेज बना दो तो मैं पैसा देता हूं। उन्होंने कहा कि छोड़िये, मैं घर-घर जाकर लोगों से भीख मांग कर पैसा ले लूंगा। वे महात्मा गांधी जी से भी मिले। महात्मा गांधी जी ने कहा, एक विनोद है, मैं गरीब हूं, आपको पैसे देने के लिए मेरे पास कहां से पैसे आएंगे। प्रबोधनकार ठाकरे जी तो बहुत ब्लंट थे, उन्होंने कहा कि गरीब मर्सिडीज कार में घूमता है। हम उस गरीब के पास आए हैं। फिर महात्मा गांधी जी ने उनको पैसे दे दिये। जो शिक्षा की संस्था बनी, आज शरद पवार साहब उस संस्था का काम देखते हैं और बहुत बड़े मायने में देखते हैं।

मेरा कहना इतना ही है, आपने अच्छा किया कि जितने भी कार्य सहकारी संस्थाओं से चलते हैं, चाहे शिक्षा हो। हमारे गांव में आज भी विकास सोसायटी है। कृषि उत्पादकों की भी विकास सोसायटी है। दूध खरीदी केन्द्र हैं। महाराष्ट्र के बारे में अभी मेरे सहयोगी ने जैसे कहा, महाराष्ट्र सबसे अग्रसर रहा है। अगर यह यूनिवर्सिटी बाहर भी कहीं बनती है, कर्मवीर भाऊराव पाटील के नाम से बनती तो मुझे और भी आनंद होता। लेकिन भूलना नहीं, अगर आगे चलकर उसकी एक यूनिट बनाओगे तो कर्मवीर भाऊराव पाटील के नाम से बनाना। हमारे पास विखे पाटील जी हैं। हमारे विखे करके सांसद थे, हमारे राज्य में मंत्री जी हैं। उनके परदादा जी ने भी ऐसे ही गांव-गांव में घूम-घूम कर इंडस्ट्री शुरू कर दी थी। आज वे शिक्षा के क्षेत्र बहुत बड़े सम्राट बने हैं। Sugar industry is one of the biggest industries in Maharashtra. वहां भी कोऑपरेटिव सोसायटी चल रही है, लेकिन आज कल वह घाटे में जाती है। जैसे मेरे मित्र ने कहा, चीनी के भाव नहीं मिलते हैं और किसानों के गन्ने के भाव नहीं मिलते हैं। जैसे एमएसपी की बात आती रहती है, उसके बारे में बहुत सारे विषय आते रहते हैं। मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि यह बिल बनने के बाद एक यूनिवर्सिटी बनेगी और उसको आपने एक्सीलेंस का क्रेडिट दिया है। आप जो क्रेडिट दे रहे हैं, वह बहुत बड़ी बात है। यह एक इंटरनेशनल, ग्लोबल लेवल की विद्यापीठ बनेगी और उसकी शाखाएं आपको खोलनी पड़ेंगी। मैं आपसे प्रार्थना करता हूं कि आप उसे वहां बनाइये, यह अच्छी बात है। देश में कहीं शुरू तो हुआ। जैसे तमिलनाडु में भी है। Right from 1903-1904, Tamil Nadu had a cooperative movement. उस वक्त मद्रास कहा जाता था। यह सब बनाने के बाद आज भी हमारे पास कानून है। महाराष्ट्र में

बहुत सारे कानून हैं। यह कनकरंट लिस्ट के अंतर्गत कानून होगा या यह कानून पूरे देश में लागू होगा? अगर कनकरंट लिस्ट के अंतर्गत कानून होगा तो महाराष्ट्र में भी आज यह कानून है। उस कानून का क्या होगा? क्या वह कानून रद्द किया जाएगा या यह कानून पूरे देश में लागू होने वाला है? इसमें एक बड़ी बात है। मैंने जैसे बताया कि उस वक्त पोलसन डेयरी थी। पोलसन डेयरी के साथ लड़ाई-झगड़ा हुआ था। हमने एनडीडीबी बनाई, डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड बनाया, हमने किसानों की मदद के लिए नाबार्ड बनाया। आज नाबार्ड की स्थिति क्या है? ये सारे एक-दूसरे से रिलेटिड हैं। इस यूनिवर्सिटी में लोग पढ़ेंगे और पढ़ने के बाद क्या उनको जॉब मिलेगी? कोऑपरेटिव मूवमेंट में जाकर, democratization of the cooperative sector ऐसा एक वर्ड उसमें आया तो the democratization of the cooperative sector was thought during the British regime. उस वक्त भी उन्होंने सोचा था कि डेमोक्रेसी के साथ में होना चाहिए, चुनाव होने चाहिए। आज कल राजनीतिक दलों का उसमें बहुत दखल होता है और लड़ाइयां होती हैं। मुझे अच्छा लगता है कि जैसे शरद पावर साहब ने कृषि क्षेत्र में बहुत कुछ कोऑपरेटिव सेक्टर में काम किया है। हम लोग उनका स्वागत करते हैं और उनसे सीखते हैं। इस यूनिवर्सिटी में आगे चलकर फैकल्टीज़ होंगी। मैं तो पगारदार सोसायटी में हूं, जिसे सैलरी अर्न कोऑपरेटिव सोसायटी कहते हैं। हम सारे नौकरी करने वाले लोग हैं। आप बैंकों में जाओ, you will find the cooperative credit societies or if you go to the LIC, you will find the Employees? Cooperative Credit Society.

आप चाहे किसी भी क्षेत्र में जाइए, आप एयरलाइंस, पेट्रोलियम सेक्टर जहाँ भी जाएंगे, तो आपको वहाँ को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी का उल्लेख मिलेगा। कर्मचारी बैंक में काम कर रहा है, लेकिन वह अपने सहकारी सोसायटी से लोन लेता है।

मराठी में एक कहावत बोली जाती है, जिसका अर्थ है- एक-दूसरे का सहयोग करना ही को-ऑपरेटिव है। ?सुपंत? का मतलब है- अच्छा मार्ग दिखाना। आप जो मार्ग निकाल रहे हैं, it should not lead to privatization. मुझे यह ... * दिखता है, प्राइवेटाइजेशन में जाने से। यह डेमोक्रेसी के तहत चलना चाहिए, उसके चुनाव होने चाहिए।

आज मैं किसानों की मांगों पर नहीं बोलूँगा, क्योंकि किसानों की मांग तो बहुत है, वे परेशान हैं। अगर पूरे देश में को-ऑपरेटिव के क्षेत्र में सबसे ज्यादा काम करने वाला राज्य कोई है, तो वह महाराष्ट्र है। आप चाहे किसी भी क्षेत्र में जाएं, चाहे आप कृषि क्षेत्र में, रूरल एजुकेशन, अर्बन एजुकेशन में आए, अर्बन एम्प्लॉयमेंट में जाए, तो you will find the cooperative societies existing in Maharashtra.

मैं इस बिल का स्वागत करते हुए, यही अपेक्षा करता हूँ कि इस बिल के तहत आने वाली पीढ़ियाँ, जिन्होंने डिग्री, डिप्लोमा और रिसर्च कर रखा है, यह अच्छी बात है कि आप व्यापक लेवल पर इस बिल को लाए हैं, लेकिन इसकी फंक्शनिंग डेमोक्रेटिक होनी चाहिए। नहीं तो, आजकल फेडरलिज्म ही खत्म हो रहा है। सब कुछ गुजरात और सब कुछ दिल्ली में है, बाकी सब चिल्लाते रहो। यह नहीं होना चाहिए।

मैं आशा करता हूँ कि सरकार के नेतृत्व ने जो उदार अंत:करण से काम किया है, उसे आगे लेकर चला जाएगा। मैं इस बिल का स्वागत करता हूँ। इसलिए मैं कहता हूँ कि इस बात को ध्यान में रखें कि it should percolate down to the common man. हमारे जो सामान्य नागरिक हैं, उनको इसका लाभ मिलना चाहिए।

धन्यवाद।

***m13 श्री नरेश गणपत म्हस्के (ठाणे) :** माननीय सभापति महोदया, मैं सबसे पहले आपको धन्यवाद देता हूँ कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण ?त्रिभुवन? सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 पर बोलने का अवसर प्रदान किया।

मैं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और हमारे नेता आदरणीय श्री एकनाथ शिंदे जी और हमारे गट नेता श्री श्रीकांत शिंदे जी का भी आभार व्यक्त करता हूँ। मैं विशेष रूप से, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और देश के गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी को भी बधाई देना चाहता हूँ, जिनके नेतृत्व में सहकारी क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधारों की नींव रखी गई है। आज सहकार हो या सरकार, दोनों ही मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं और उसका श्रेय मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह जी की कुशलता को जाता है।

गृह मंत्री के रूप में श्री अमित शाह जी ने अनुच्छेद 370 हटाकर देश की एकता को नया आयाम दिया और अब सहकारी क्षेत्र को सुधारकर लोगों को सशक्त बना रहे हैं। इसके विपरीत, कांग्रेस के शासनकाल में सहकार का नाम लेकर भ्रष्टाचार किया गया। जहाँ हमारे समय में, सहकार से समृद्धि आ रही है, वहीं कांग्रेस ने किसानों के पैसे लूटकर, जिसने अभी इतिहास की बात की, उन्होंने सहकार को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया था। यह वही कांग्रेस है, जो देश के विकास पर दीमक बनकर चिपकी रही।? (व्यवधान) अभी-अभी इतिहास की बात की गई, ये औरंगजेब की बातें करने वाले हैं। जिस औरंगजेब ने जज़िया कर लगाकर हिन्दुओं को खत्म करने का काम किया, उसी तरह से कांग्रेस और उबाठा ने हमारे महाराष्ट्र में अनगिनत घोटाले से देश को खोखला करने का काम किया।? (व्यवधान) मुझे तो लगता है कि इनका नाम इंडी नहीं, बल्कि ... * होना चाहिए।? (व्यवधान)

मैं महाराष्ट्र से आता हूँ, जो सहकार की जननी है। कुछ दिन पहले ही माननीय अमित शाह जी पुणे में जनता सहकारी बैंक के डायमंड जुबली समारोह में आये थे। जब मोरोपंत पिंगले जैसे दूरदर्शी हस्ती द्वारा साबित किया गया, जिन्होंने नि:स्वार्थ भाव से समाज सेवा की थी, एक छोटे से बीज से शुरू हुआ, यह महल आज लाखों लोगों से जुड़ा और आज यह एक मजबूत संस्थान बन चुकी है। यही है सरकार की ताकत, जो समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्तियों को मुख्य धारा से जोड़ सकती है।? (व्यवधान)

**श्री अरविंद गणपत सावंत :** मैडम, मेरा पॉइंट ऑफ ऑर्डर है। ? (व्यवधान) हमारा बिल शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने का कदम रख रहा है। मैंने इसका स्वागत किया है, यह आप ध्यान में रखिएगा। ? (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** माननीय सदस्य, आप रूल नंबर बताइए।

? (व्यवधान)

**श्री अरविंद गणपत सावंत :** इसमें औरंगज़ेब कहां से आ गया? ? (व्यवधान) भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हैं, तो भ्रष्टाचार के आरोप ? (व्यवधान)

**श्री नरेश गणपत म्हस्के :** सभापति महोदया, ??त्रिभुवन? सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 का उद्देश्य देश के सहकारी आंदोलन को नया आयाम देना और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है। यह विधेयक गुजरात स्थित Institute of Rural Management Anand (IRMA) को एक नए केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में परिवर्तित करने का प्रावधान करता है।

आईआरएमए को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाएगा, जहां सरकारी क्षेत्र में शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस विश्वविद्यालय को डिग्री कोर्स, डिस्टेंस लर्निंग, ई-लर्निंग और देश-विदेश में शाखा स्थापित करने का अधिकार होगा। सरकार ने इसके भौतिक ढांचे के निर्माण के लिए 500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।

आईआरएमए के पास कार्यकारी बोर्ड (एग्जिक्यूटिव बोर्ड) तथा निदेशक (डायरेक्टर) होंगे। आईआरएमए के मौजूदा शैक्षणिक कार्यक्रमों को संरक्षित किया जाएगा। कोई भी बदलाव एग्जिक्यूटिव बोर्ड की सहमति से ही होगा। विधेयक आईआरएमए को रूरल मैनेजमेंट के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस के रूप में घोषित करता है।

वाइस-चांसलर केंद्र द्वारा नियुक्त होगा। तीन वर्ष का कार्यकाल, जिसे दो साल तक बढ़ाया जा सकता है, होगा। वीसी विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद (एग्जिक्यूटिव काउंसिल) की अध्यक्षता करेगा। इसका नेतृत्व चांसलर करेंगे, जिनकी नियुक्ति केंद्र सरकार करेगी। पांच वर्ष का कार्यकाल होगा। इनके सदस्यों में वीसी, सहयोगी मंत्रालयों के सचिव, NABARD, NDDB, NFDB आदि के प्रमुख और सहकारी क्षेत्र के चार प्रतिष्ठित विशेषज्ञ शामिल होंगे।

आप जो बोल रहे थे, यह एकाधिकारशाही नहीं है। ? (व्यवधान) यह विधेयक लोगों के विकास के लिए लाया गया है। ? (व्यवधान) Board of Affiliation and Recognition ? वाइस-चांसलर की अध्यक्षता वाला यह बोर्ड विश्वविद्यालय से संबद्ध/ मान्यता प्राप्त संस्थानों को नियंत्रित एवं विनियमित करेगा।

सभापति महोदया, मैं यहां कुछ सजेशन्स देना चाहता हूं। ? (व्यवधान) आप थोड़ी देर के लिए मेरी बात सुनिए। ? (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** माननीय सदस्य, अब आप अपनी बात कंप्लीट कीजिए।

? (व्यवधान)

**श्री नरेश गणपत म्हस्के :** मैडम, यह मेरा लास्ट पॉइंट है। त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी को सहकारी फेडरेशन्स, निजी कंपनियों और शासकीय संस्थानों के साथ मिलकर स्टार्टअप इनक्यूबेशन, संयुक्त शोध परियोजनाएं ओर एक्सचेंज प्रोग्राम चलाने चाहिए। पैक्स को 100 परसेंट कम्प्यूटरीकृत करना चाहिए। ग्रामीण उद्योग के लिए डिप्लोमा, डिग्री कोर्स शुरू किए जाएं, जिनमें कृषि आपूर्ति श्रंखला प्रबंधन, डिजिटल मार्केटिंग आदि शामिल हों। महिला स्वयं सहायता समूहों और युवा संगठनों से जुड़कर उद्योग के

अवसर बढ़ाने चाहिए। स्कूली पाठ्यक्रमों, पंचायतों और स्थानी निकायों को सहकारी मूल्यों को शामिल किया जाए, ताकि बचपन से ही सहकार की भावना विकसित हो। ? (व्यवधान)

मैडम, मुझे लास्ट में एक मिनट और बोलने दीजिए। सहकार के नाम पर कांग्रेस ने सिर्फ भष्ट्रचार फैलाया, जबकि हमारी सरकार ने सहकार में नवाचार और पारदर्शिता लाकर देश में समृद्धि का द्वार खोला है। ? (व्यवधान) हमारे नेतृत्व में सहकारी मॉडल 21वीं सदी के अनुरूप तेजी से विकसित हो रहा है। अब जरूरत है ? मजबूत नियमन, बेहतर दक्षता, तकनीकी नवाचार और सामुदायिक भागीदारी की। ? (व्यवधान)

सभापति महोदया, मैं अंत में एक शायरी करता हूं :

राजनीति को विरासत समझ बैठे थे,

भ्रष्टाचार को सियासत समझ बैठे थे,

सत्ता के नशे में इतने चूर थे, ये औरंगज़ेब के समर्थक,

कि इस देश को अपनी रियासत समझ बैठे थे।

धन्यवाद। जय हिंद, जय सहकार।

**SHRI M. K. RAGHAVAN (KOZHIKODE):** Thank you, respected Chairperson for giving me an opportunity to speak on the ?Tribhuvan? Sahkari University Bill, 2025. I have a difference of opinion on this Bill because of its current form. I would like to bring a few suggestions to the notice of the Government as well as before the august House.

I would like to begin my speech by using a quote from a great and patriotic Indian. The quote is, ?I was convinced that the biggest power in India is the power of its people ? the power of millions of farmers and their families. What if we mobilized them, if we combined this farmer power with professional management? What could they not achieve? What could India not become??

These are the words of the legendary Dr. Varghese Kurian. I am extremely proud that I represent the constituency Kozhikode and the State of Kerala, the birthplace of Dr. Varghese Kurian. Dr. Kurian established the Institute of Rural Management Anand in 1979 with an aim to create a new generation of professional managers who would bring in modern management to serve the underserved economy. Dr. Kurian further wrote about the IRMA, ?My reasoning was even if only a handful of students each year from

such an institute (IRMA) could grow, evolve, stride out into the world and, perhaps build some more Amuls, what a boon it would be for our rural people and for the nation.? Today we should remember Dr. Kurian who had sown the seeds for the White Revolution as well as the growth of the cooperative movement in India. We must also remember the contributions Pt. Jawaharlal Nehru ji, Sardar Vallabhbhai Patel ji, Lal Bahadur Shastri ji, Rajendra Prasad ji, Tribhuvandas Patel ji in making Anand the cooperative capital of India.

It is also appreciated that we could recognize through this Bill Shri Tribhuvandas Patel ji, who is regarded as the founding father of the co-operative movement in India. The database in co-operative sector shows today that 12 per cent of humanity is part of any one of the three million cooperatives on the earth. The 300 largest cooperatives report a total turnover of 2,409.41 billion US dollars while providing the services and infrastructure that the society needs to thrive. Cooperatives contribute to the sustainable economic growth and stable, quality employment, providing jobs or work opportunities to 280 million people across the globe, which means 10 per cent of the world?s employed population. India?s cooperative movement, deeply rooted in its cultural and socio-economic landscape, has evolved into a powerful vehicle for inclusive growth, community empowerment, and rural development.

As per the National Cooperative Database, there are over eight lakh registered cooperative societies having membership of more than 29 crores at present. Hence, it is important that we elaborately discuss this Bill in this august House. I really do not understand what is the Government?s intention to bring this Bill, especially when IRMA, an autonomous institute, is existing for years. With this, the Government is trying to destroy a great institution through the outlined structure of this University which is being planned. IRMA has a legacy. It was not established by the Government of India. It was a collaborative effort between the National Dairy Development Board, the Government of Gujarat, and other stakeholders. It had its own autonomy and was away from bureaucratic and political interference.

I feel that this Bill is drafted in a haste to complete some annual target of the Ministry without any larger discussions on this matter. There is a need for a Visitor who has to be the hon. President of India and who should have the authority to appoint the Chancellor on UGC guidelines. The appointment authority should not be the Central Government. All the appointments must be according to rules and regulations as laid down from time to time by the UGC. Now the present Bill brings down the status of

Director of IRMA to that of Dean. This downgrades the position and undermines leadership legacy. This is why, I feel that no thought or logic has been applied during the drafting of this Bill.

Madam, I am very proud to say that I have been associated with the cooperative movement in Kerala for a long time. In 1982, Madayi college was set up at Payyanur which was the first cooperative-aided college in India. Since then, my association with the cooperative sector has been continuing.

Madam, as you know, cooperative sector forms the central pillar of Kerala?s economy. Kerala State is way ahead of the country in the cooperative sector including education, healthcare, agriculture, banking, construction and other sectors and has 16,988 cooperatives catering to 27 sectors. Of the total 941 Gram Panchayats, we have achieved 100 per cent coverage of cooperatives. Madam, 98.1 per cent of our Gram Panchayats are covered by dairy cooperatives and 26.9 per cent of our Gram Panchayats are covered under fishery cooperatives. There are 3,861 cooperatives in the urban areas of the State of Kerala and 13,290 cooperatives in rural areas of Kerala, and there are 457 cooperatives which cater to both urban and rural areas.

Madam, this Bill intends to create four to five institutions or affiliated colleges in the States with higher concentrations of cooperatives and one or two in States with lesser concentration of cooperatives.

Madam, however, I wish to state that the contents of this Bill clearly amount to eroding the powers of the State. Education, including technical education, medical education, and universities, are placed under Entry number 25 of the Concurrent List, and many subjects listed under the current Bill such as fisheries, agriculture, education, and laws governing cooperatives, fall under the State list.

Madam, this Bill violates the cardinal federal principles. Any decision must be taken by respecting federal principles. We should understand that States have a great role in building and overseeing cooperatives. The authority of the State should not be eroded.

Madam, there are many other provisions under this Bill which violate federal principles. The Bill under Section 3 specifically mentions that cooperative societies means, all cooperative societies registered under the Cooperative Societies Acts of the State Governments and Union Territories. Now, this means indirectly this Bill defines and controls the State-owned cooperatives. Such a provision would be a violative of the federal principles.

Madam, what is the status of other universities in India? I wish to highlight a classic example here. A faculty of NIT Kozhikode recently praised Nathuram Godse saying, and I quote:

?Proud of Godse for saving India.?

That faculty has been appointed as a Dean directly from the ranks below. This action deviates from the standard principles. We should know what action the Government intends by supporting such thoughts, speeches, and individuals. Such a fundamentalist should not be entertained in educational sector. Unfortunately, no action has been taken against the offender who even disgraced our ?Father of the Nation?. Madam, I would also like to know from the Minister concerned what action is being taken against the faculty. Also, I request the Minister to clarify the action being taken before this House. What message will go to the country?

Madam, now, I am concluding. I believe that the Government needs to be a good facilitator. The Bill is highly critical due to its narrow focus, limited job prospects for graduates, high potential for political interference, and the possibility that it might not adequately prepare students for a wider range of career paths compared to a more general university education.

Madam, while concluding, I would suggest that this Bill should be withdrawn and a new Bill should be introduced. In fact, IRMA should be allowed to retain its autonomy in the existing form.

**श्री अरुण गोविल (मेरठ) :** जय श्री राम । सभापति महोदया, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया । भारत के सहकारी आंदोलन के इतिहास में 6 जुलाई, 2021 का दिन सोने के अक्षरों से लिखा जाना चाहिए । इस दिन भारत सरकार ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना करने का निर्णय लिया था । साथ ही देश के पहले सहकारिता मंत्री का अतिरिक्त दायित्व देश के गृह मंत्री श्री अमित शाह जी को दिया गया, जिनमें देश के करोड़ों लोग लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटले जी की छवि देखते हैं । ?जहां न पहुंचे रवि, वहां पहुंचे कवि? की तर्ज पर हमारे लोकप्रिय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र पर अपनी पैनी निगाह रखते हैं, इसीलिए जब उन्होंने सहकारिता क्षेत्र को सुधारने का निर्णय लिया और सहकारिता मंत्रालय बनाकर उसका पहला मंत्री, अत्यंत सक्षम मंत्री श्री अमित शाह जी को बनाया । वास्तव में इस मंत्रालय की स्थापना की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि देश में सहकारिता आंदोलन कुछ सम्मानजनक अपवादों को छोड़कर भ्रष्टाचार, अक्षमता, भाई-भतीजावाद तथा अशिक्षा के बोझ तले दबा हुआ था । देश के ग्रामीण इलाकों में अनेकों लोग मजाक में सोसाइटी को ?सौ साठी? कहते थे, अर्थात् ऐसी संस्था जो अपने घटिया मैनेजमेंट से 100 रुपये को 60 रुपये कर दे ।

एक स्ट्रॉंग गृह मंत्री के हाथ में सहकारिता मंत्रालय आने के साथ ही लोगों की उम्मीद के अनुरूप नए सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी ने सहकारिता आंदोलन में दशकों से सड़ते हुए एक नासूर की ?पस? को जब सर्जरी करके निकालना शुरू किया, तो

एक के बाद एक ताबड़तोड़ एक्शन लेने के फलस्वरुप देश के भ्रष्ट तत्वों के मन में दहशत पैदा कर दी। महाराष्ट्र में भी राजनीतिक शक्ति बहुत कम होने के बावजूद, सहकारिता के कारण अकूत आर्थिक ताकत बटोरने वाले तत्वों के दिलों में भी दहशत पैदा हुई।

महोदया, एक समय उत्तर प्रदेश में भी सहकारिता आंदोलन एक आदरणीय पहलवान मुख्यमंत्री के पहलवान भाई के चंगुल में फंसा हुआ कराह रहा था, जिसने अपनी पहलवानी के दांव-पेंचों से सहकारिता आंदोलन को चारों खाने चित्त कर दिया था। ये मंत्री जी अधिकारियों की मीटिंग में खुलेआम ?आटे में नमक? के बराबर भ्रष्टाचार की पैरवी करके को-ऑपरेटिव सेक्टर को बर्बाद करने में योगदान दे रहे थे। आदरणीय श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में ?सहकार से समृद्धि? का मूल मंत्र वास्तव में अंत्योदय, आदरणीय प्रधानमंत्री जी का ?सबका साथ, सबका विकास?, तथा फार्मर प्रोड्यूसर्स ऑर्गेनाइजेशन, इत्यादि सभी विचारों का समावेश है।

महोदया, केन्द्र सरकार ने 8 लाख से अधिक सहकारी संस्थाओं की क्षमता का अधिकतम उपयोग करने के लिए बजट, जो वर्ष 2013-14 में 122 करोड़ रुपये था, उसे बढ़ाकर 1183 करोड़ रुपये कर दिया। इससे सहकारिता आंदोलन में जान पड़ गई। पुरानी सरकार द्वारा सहकारिता की उपेक्षा के कारण महाराष्ट्र में ही 101 चीनी मिलें बंद हो गई थीं। आदरणीय अमित शाह जी ने जल्दी ही पहचान लिया कि किसानों को समृद्ध बनाने तथा कृषि विकास में सहकारी क्षेत्र की बढ़ती भूमिका को देखते हुए इस क्षेत्र में तकनीकी रूप से दक्ष, स्किल्ड प्रोफेशनल तथा प्रशिक्षित युवाओं की बड़ी संख्या में जरूरत पड़ेगी। इस जरूरत को पूरा करने के लिए सहकारिता मंत्री के निर्णय के फलस्वरुप, देश में पहली सहकारिता यूनिवर्सिटी ?त्रिभुवन यूनिवर्सिटी? गुजरात के आणंद में स्थित इंस्टीट्यूट आफ रुरल मैनेजमेंट (IRMA), आणंद के कैंपस में इस साल से काम करना शुरू कर देगी तथा को-ऑपरेटिव क्षेत्र में एकाउंटिंग, एडमिनिस्ट्रेशन, टेक्नोलॉजी, को-ऑपरेटिव मूवमेंट, कंप्यूटर इत्यादि की रेगुलर शिक्षा देने के साथ ही साथ डिस्टैंस मोड व ई-लर्निंग के जरिए भी अनेक प्रकार के डिग्री व सर्टीफिकेट प्रोग्राम्स शुरू हो जाएंगे। IRMA को को-ऑपरेटिव यूनिवर्सिटी के रूप में नेशनल एमिनेंस का इंस्टीट्यूशन माना जाएगा। यहां को-ऑपरेटिव सेक्टर के युवाओं को मैनेजमेंट शिक्षा और मार्केटिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा और को-ऑपरेटिव रिसर्च को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

महोदया, को-ऑपरेटिव सेक्टर भारत की सोशियो-इकोनामिक फैब्रिक में एक बहुत महत्वपूर्ण रोल निभाता है। सहकारिता क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी 60 प्रतिशत से ज्यादा है। सहकारी आंदोलन में महिलाओं की अग्रणी भूमिका के बिना ?सम्पूर्ण सहकार? की परिकल्पना संभव नहीं है। ?सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास? को सहकारिता की रीढ़ के रूप में मोदी सरकार ने हाशिए पर पड़े समुदायों, विशेषकर अनुसूचित जातियों और अन्य पिछड़े वर्गों को सहकारी क्षेत्र में शामिल करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। अब बहुराज्यीय सहकारी समितियों (MSC) के लिए अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति समुदाय से कम से कम एक निदेशक रखना अनिवार्य है।

वर्तमान में को-ऑपरेटिव क्षेत्र में ट्रेनिंग का कोई संगठित रूप नहीं है तथा इसमें एकरूपता की कमी है। डेयरी, मछली, कृषि, बैंकिंग, मार्केटिंग, अकाउंटिंग जैसे विभिन्न को-ऑपरेटिव सेक्टर में डिप्लोमा, डिग्री और सर्टिफिकेट कोर्सेज प्रदान करने से यह यूनिवर्सिटी को-ऑपरेटिव एजुकेशन को सिस्टमैटिक बनाएगी। को-ऑपरेटिव यूनिवर्सिटी बनने से इस यूनिवर्सिटी को इंटरनेशनल

को-ऑपरेटिव ऑर्गेनाइजेशंस के साथ को-ऑपरेशन करना आसान होगा और पूरे विश्व की को-ऑपरेटिव सेक्टर में जो भी बेस्ट प्रैक्टिसेज हैं, उनका भारत में भी आगमन होगा।

सभापति महोदया, अभी भारत में खेती न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी से प्रेरित होती है। इस यूनिवर्सिटी से निकले हुए ग्रेजुएट्स को-ऑपरेटिव आधार पर बिक्री का मॉडल विकसित करेंगे। किसान अभी केवल उपज के उत्पादन की जानकारी रखता है। इस यूनिवर्सिटी से जब प्रशिक्षित विद्यार्थी निकलेंगे तो वे किसानों को अपनी उपज की बिक्री के लिए भी प्रशिक्षित करेंगे।

देश में विशेषज्ञता की आवश्यकता की पूर्ति करने के लिए सरकार ने गति शक्ति यूनिवर्सिटी, राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी, सिंधु केंद्रीय यूनिवर्सिटी, रेल यूनिवर्सिटी, स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी जैसी अनेकों यूनिवर्सिटी, पहले भी एस्टेब्लिश की हैं।

माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी और दृढ़ निश्चयी सहकारिता मंत्री आदरणीय अमित भाई शाह जी के मार्गदर्शन में त्रिभुवन सहकारी कोऑपरेटिव यूनिवर्सिटी एक केंद्रीय संस्थान के रूप में स्थापित होगा तथा यह संस्थान सहकारिता आंदोलन को एक नई ऊंचाइयों पर पहुंचा देगा। मैं त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी, 2025 का समर्थन करने के साथ-साथ यह भी मांग करता हूं क्योंकि उत्तर प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र में सहकारी आंदोलन प्रॉफिट में है तथा सफल है, इसलिए मैं इस विश्वविद्यालय से संबंधित उत्तर प्रदेश में पहला कॉलेज मेरे लोकसभा क्षेत्र मेरठ-हापुड़ में खोलने का अनुरोध करता हूं तथा इस विधेयक का दिल और दिमाग दोनों से समर्थन करता हूं।

जय श्री राम

**श्री अभय कुमार सिन्हा (औरंगाबाद) :** सभापति महोदया, आपने हमें ?त्रिभुवन? सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 की चर्चा में भाग लेने की अनुमति दी, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद। महोदया, राष्ट्रीय सहकारी संघ, 2018 की संख्या की रिपोर्ट के अनुसार देश में 97 हज़ार 961 पैक्स हैं। एक लाख 51 हज़ार 956 दुग्ध सहकारी समितियां हैं। 23 हज़ार 670 मत्स्य सहकारी समितियां हैं। माननीय सहकारी राज्य मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं। बिहार में 8 हज़ार 493 पैक्स हैं, जो तकरीबन लाखों किसानों को सहयोग दे रहे हैं। 7 हज़ार 386 दुग्ध सहकारी समितियां, जो ग्रामीण परिवारों को आर्थिक रूप से मज़बूत बना रही हैं, बिहार में दो शहरी सहकारी बैंक वित्तीय समावेश को मज़बूत बना रहे हैं। महोदया, इतनी समृद्ध सहकारी सरलता होने के बावजूद बिहार में एक भी प्रमुख सरकारी शिक्षा, अनुसंधान या कौशल विकास संस्थान नहीं है। महोदय, वहीं गुजरात के आईआरएमए को पहले से प्रतिष्ठित संस्थान माना जाता है और अब इसे विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जा रहा है।

सभापति महोदया, मैं सरकार से जानना चाहता हूँ कि बिहार आपकी इस नीति में कहां है? बिहार में एक नारा बहुत ज़ोर से लोग लगाते रहते हैं ? डबल इंजन की सरकार है, डबल इंजन की सरकार है। एक इंजन दिल्ली का और एक इंजन पटना का है। लेकिन हकीकत यह है कि बिहार का इंजन बंद पड़ा है और मेन इंजन अपने विकसित राज्य गुजरात की ओर भाग रहा है। उन्हें पिछड़ा राज्य बिहार नज़र नहीं आ रहा है। विशेष राज्य की मांग की, उसमें भी ये भाग गए। महोदया, अगर डबल इंजन सच में काम कर रहा होता तो बिहार जैसे पिछड़े राज्य को भी एक ऐसा संस्थान दिया जाता, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बदल सकता था। मै

सदन को बताना चाहता हूँ कि बिहार भारत के सहकारी आंदोलन का सिर्फ एक दर्शक नहीं है। बिहार स्टेट मिल्क कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड के तहत सुधा डेयरी हमारे किसानों की मेहनत और सफलता की मिसाल है। मैं बताना चाहूंगा कि वर्ष 2018 में माननीय प्रधान मंत्री जी बिहार के दौरे पर गए थे और वहां पर उन्होंने बोला कि अगली बार हम आएंगे तो इसी फैक्ट्री की चीनी की चाय पिएंगे। महोदया, सात वर्ष हो गए हैं, पता नहीं कब आ कर चाय पिएंगे, बिहार इंतज़ार कर रहा है। गुरारू चीनी मिल जो गया में है, वह अपनी बदहाली पर रो रही है और उसके जो कर्मचारी थे, वे फटेहाल कई दशकों से आँसू बहा रहे हैं।

महोदया, हम एक दो बातों का ज़िक्र करते हुए अपनी वाणी को विराम देंगे। बिहार-झारखंड की प्रमुख सहकारी संस्था बिस्कोमान के अध्यक्ष का चुनाव अप्रैल, 2023 से शुरू हुआ और मार्च, 2025 तक 23 महीने बीत चुके हैं, फिर भी चुनाव प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है।

इस दौरान आठ बार चुनाव स्थगित किया गया, जबकि सहकारी संस्थान मल्टीस्टेट है। इसकी चुनाव की जिम्मेवारी केंद्रीय सहकारिता विभाग की है। मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि किधर खिचड़ी पक रही है। आज 23 महीने हो गए हैं। अब तो इसका चुनाव करा दीजिए।

महोदया, हमारी एक मांग होगी कि ?त्रिभुवन? सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 में संशोधन कर बिहार के गया में क्षेत्रीय परिसर स्थापित किया जाए। आपने इस विधेयक में प्रावधान भी किया है। अगर आप बिहार जैसे पिछड़े राज्य को आगे ले जाना चाहते हैं तो वहां पर क्षेत्रीय परिसर स्थापित कीजिए। इस विश्वविद्यालय में उन राज्यों के छात्रों के लिए 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित की जाएं, जहां सहकारी गतिविधियाँ मजबूत हैं, लेकिन कोई प्रमुख सहकारी संस्थान नहीं है। खास कर मैं बिहार के लिए कहना चाहता हूं। बिहार के छात्रों के लिए विशेष छात्रवृत्ति का आवंटन किया जाए, ताकि हमारे युवा सहकारी प्रबंधन में उत्कृष्ट शिक्षा पाने में अपना अधिकार समझ सकें।

सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि बिस्कोमान का जो चुनाव अधर में लटका हुआ है, उस पर ध्यान दिया जाए। वहां के लिए मैंने एक विशेष सहकारी उपबंध के बारे में बोला, अगर आप उसे करते हैं तो मैं समझता हूं कि डबल इंजन का काम कुछ तो बिहार में जाएगा। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री आदित्य यादव (बदायूं) :** सभापति महोदया, सर्वप्रथम मैं आपको धन्यवाद देना चाहूंगा कि आपने मुझे ?त्रिभुवन? सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 पर अपनी पार्टी की तरफ से बात रखने का मौका दिया।

महोदया, सहकारी आंदोलन में आज से पहले भी ऐसी कई सारी समितियाँ बनी हुई हैं, चाहे वह कैराना की एनडीआरआई हो, दिल्ली की इरमा हो, आनंदा हो, ये सारी वे संस्थाएं हैं, जो कहीं न कहीं सहकारिता के आंदोलन को मजबूत करने में लगातार प्रयास करती रही हैं। वर्ष 2018 में हमने देखा कि हरियाण के किसान डेयरी का काम करते थे, उनको सहकारिता के माध्यम से बड़ा फायदा देने का काम किया गया। आईएआरआई में वर्ष 2020 में जो डिजिटल खेती थी, उससे पंजाब को सीधे फायदा मिला। मेरा सवाल सीधे तौर पर सरकार से है कि उत्तर प्रदेश इस देश का सबसे बड़ा प्रदेश माना जाता है, जहां सहकारिता के क्षेत्र में काफी काम हुआ है

। लेकिन, उसके बाद भी सहकारिता मूवमेंट के व्यापक रूप से चलने के बावजूद भी इतना विकास सहकारिता का नहीं हो पाया? मेरा मानना है कि अगर इस यूनिवर्सिटी को हम उत्तर प्रदेश में लेकर आते तो मैं समझता हूं कि भारतीय जनता पार्टी एक बड़ी चुनौती स्वीकार करती। हम लोग सुनते रहते हैं, चाहे प्रधानमंत्री जी हों, चाहे देश के गृह मंत्री जी हों, उन्हें चुनौतियों को स्वीकार करने का बहुत शौक होता है। लेकिन एक ऐसा प्रदेश, जो कोऑपरेटिव में पहले से ही बहुत डेवलप्ड है, चाहे वह एजुकेशन हो, चाहे वह मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर हो, हर जगह सहकारिता में गुजरात ने बहुत अच्छा काम किया है। आज इस यूनिवर्सिटी को एक बार फिर गुजरात ले जाना, कहीं न कहीं पावर का जो सेंट्रलाइजेशन है, उसको करने का प्रयास दिखाई देता है।

सभापति महोदया, हमने देखा है कि आज 500 करोड़ रुपये के इन्वेस्टमेंट के साथ इस यूनिवर्सिटी को बनाया जा रहा है। जब मैं इस विधेयक को पढ़ता हूं तो उसमें एक ही चीज बार-बार दिखायी देती है। यह उत्तर प्रदेश में भी हुआ है। जो पुराने काम हैं, उन पर नया नाम चिपका कर, उनको रिवैम्प करके, एक नया प्रोजेक्ट बना कर सरकार पेश करने का काम कर रही है। अगर आपको यूनिवर्सिटी बनानी थी तो आप एक नया संग्रहालय क्यों नहीं बना रहे हैं? जो पुरानी इरमा है, आने वाले सालों में उसकी क्या दुर्दशा होगी? वहां रहने वाले कर्मचारियों का क्या होगा? उसका जो उद्देश्य था, क्या वह अपने उद्देश्य तक पहुंच पाएगी या नहीं पहुंच पाएंगी या बीच में ही उसको आप खत्म करके एक नई यूनिवर्सिटी की शुरुआत करने का काम करेंगे? आने वाले समय में उसके अंदर जो कर्मचारी होंगे, इसकी बात अभी पीछे कही गई है। उसके अंदर आप चांसलर, वाइस चांसलर, डीन और प्रोफेसर रखने जा रहे हैं। उनके बारे में क्या मानदंड होंगे, उसके बारे में कहीं भी नहीं लिखा हुआ है। अगर आप दो-तीन लोगों को पावर देंगे तो कहीं न कहीं उनमें टकराव होने का भी शंका होती है।

महोदया, हम कोआपरेटिव को आगे बढ़ाना चाहते हैं। कोआपरेटिव मूवमेंट का मुख्य उद्देश्य था कि किसानों की समृद्धि में इसका योगदान हो। अगर हम वह करना चाहते हैं तो इस यूनिवर्सिटी को उत्तर प्रदेश ले जाने का हमारा प्रयास होना चाहिए।

मैं सिर्फ दो सुझाव देकर अपनी बात को खत्म करूंगा। मेरा पहला सुझाव, जैसा मैंने कहा कि इस यूनिवर्सिटी को हमें उत्तर प्रदेश में ले जाने का प्रयास करना चाहिए। हमारे देश के प्रधान मंत्री उत्तर प्रदेश के वाराणसी से सांसद चुनकर आते हैं। कितना अच्छा होता यदि इस यूनिवर्सिटी को आप उन्हीं के लोक सभा क्षेत्र में ले जाते, लेकिन आप वहां नहीं ले गए। हम मान सकते हैं कि आप इसे गोरखपुर नहीं ले जाएंगे, गोरखपुर न ले जाते। आप एफपीओ की बातें करते हैं। उत्तर प्रदेश के अंदर कानपुर देहात वह क्षेत्र है, जहां एफपीओ सबसे ज्यादा मजबूत है। अगर वहां पर सहकारिता को इतना बूस्ट मिल रहा है, तो क्यों नहीं कानपुर देहात के अंदर हम इस यूनिवर्सिटी को ले जाते? कानपुर देहात पहले से ही एजुकेशन का एक हब है। अगर हम वहां इस यूनिवर्सिटी की स्थापना करते, तो मैं समझता हूं कि आने वाले समय में सहकारिता को और मजबूती मिलती।

महोदया, मैं एक बार फिर से आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर अपनी बात रखने का मौका दिया।

बहुत-बहुत धन्यवाद, बहुत-बहुत आभार।

**DR. KADIYAM KAVYA (WARANGAL):** Thank you, Chairperson. I rise today to speak on the Tribhuvan Sahkari University Bill, 2025, a proposal that carries the seeds of promise but also the shadows of uncertainty. As the Member of Parliament from Warangal, a land steeped in the struggles and triumphs of its farmers, artisans and cooperative workers, I approach this Bill with both hope and caution. My duty is to ensure that the voices of my people, who are the backbone of Telangana's rural economy, are not just heard, but heeded.

The creation of the Tribhuvan Sahkari University in Anand, Gujarat as a national institution for cooperative education, is a step that, on paper, inspires optimism. Warangal knows the power of cooperatives. Our dairy farmers, our women's self-help groups and our small-scale producers have kept our rural economy alive through shared grit and collective effort.

The promise of technical training, management skills and cutting-edge research could modernize these institutions, making them engines of prosperity. ?*Sahkar Se Samriddhi?*, that is, ?Prosperity Through Cooperation?, is a slogan that echoes in the fields of Telangana, where unity has always been our strength. But, as an Opposition representative, I must ask the hard questions. Will this University truly serve the farmers, students, artisans and unemployed youth of Telangana, or will it remain a distant dream, confined within Gujarat's borders?

The Bill elevates the Institute of Rural Management, Anand (IRMA) into a University. It is a commendable move. Yet, IRMA's history has often leaned towards urban elites and corporate partnerships. How will it adapt to the realities of rural India, where illiteracy, poor infrastructure and financial fragility define the cooperative landscape? I fear that without deliberate effort, this institution risks becoming a privilege for the few rather than a lifeline for the many.

Take Warangal as an example. Our cooperatives are not just economic units, they are lifelines for Scheduled Caste families, for women who stitch hope into every product, for youth who dream beyond the plow. These people need more than a University in Gujarat. They need accessible education, affordable programmes, and training that reaches their doorstep.

I propose that the Government consider satellite campuses or mobile training units in States like Telangana. Why should a farmer's son from Telangana travel hundreds of miles for skills he could learn closer to home? The Bill's focus on capacity building for cooperative employees is a step forward. But

where is the urgency? In Telangana, cooperatives are crumbling under outdated practices and inadequate funding.

Last year, I met a dairy cooperative manager in Warangal who had not received training in a decade. How long will he wait for this University's benefits? I urge for an amendment to include a five-year action plan with clear targets, train 50 per cent of rural cooperative workers, establish 10 regional hubs and measure the impact on production and incomes. Without timelines and accountability, this Bill risks being another grand announcement lost to bureaucratic delays.

Hon. Chairperson, Madam, Warangal?s Kakatiya legacy teaches us that true strength lies in collective progress, not hollow promises. I support the Bill?s intent, but I cannot ignore its gaps. The Government must ensure it does not favour corporate giants over small farmers or urban centres over rural hamlets. Let us make this University a beacon of equity ? one that lifts the poorest, empowers the marginalized, and honours the cooperative spirit that defines India.

In closing, the Tribhuvan Sahkari University Bill, 2025, can be a turning point, but only if we refine it. I call on this House to demand accessibility, inclusivity, and transparency in its rollout. Warangal watches for, Telangana awaits, and India deserves a Bill that delivers. Let us rise to the occasion.

Thank you, Madam.

**श्री गणेश सिंह (सतना) :** माननीय सभापति महोदय, मैं त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी, 2025 के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। इस विधेयक का उद्देश्य इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट आणंद (सीआईआरएमए) को टीएसयू के रूप में परिवर्तित कर सहकारी क्षेत्र में एक राष्ट्रीय स्तर के विश्वविद्यालय की स्थापना करना है। यह देश का पहला ऐसा विश्वविद्यालय होगा, जो सहकारी शिक्षण और प्रशिक्षण प्रदान करेगा। यह अनुसंधान और विकास को भी बढ़ावा देगा। राष्ट्रीय महत्व की संस्था घोषित करने, सहकारी क्षेत्र में तकनीकी और प्रबंधन शिक्षा व प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से ?त्रिभुवन? सहकारी यूनिवर्सिटी के संबंध में यह विधेयक लाया गया है। इसके लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी की दूरदृष्टि और दूरदृष्टि को जमीन पर उतारने का काम सहकारिता मंत्री आदरणीय श्री अमित शाह जी ही ने किया है। मैं उनका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। ?त्रिभुवन? सहकारी यूनिवर्सिटी के नाम से ज्ञात विश्वविद्यालय के रूप में इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट आणंद की स्थापना करने का निगमित निकाय होगा, जिसका अपना एक साश्वत उत्तराधिकार और अपनी सामान्य मुद्रा होगी, इससे इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन सम्पत्ति का अर्जन करने, धारण करने और व्ययन करने का पूरा अधिकार होगा।

सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना की आवश्यकता क्यों पड़ी? हमारे देश में 70 प्रतिशत आबादी गांव में रहती है। समाज व्यवस्था, गांव की व्यवस्था, पंचायत की व्यवस्था में स्वरोजगार के लिए, किसानों की सहायता के लिए, महिला सशक्तीकरण के लिए, आत्मनिर्भर गांव और पंचायत बनाने के लिए, गांव का पैसा गांव में रहे, हरेक गांव का कोई एक उत्पाद हो, प्रति व्यक्ति आमदनी बढ़ाने में जितना सहकारिता का महत्व है, शायद इससे बड़ा और कोई योगदान दूसरी संस्था का नहीं हो सकता है। सबसे बड़ी कमी यह देखी गई कि इन सहकारी समितियों में तकनीकी जानकारी का अभाव है। देश भर में लगभग 8 लाख समितियां हैं, तीस करोड़ से ज्यादा लोग इसके सदस्य हैं। मैं अनुभव करता हूं कि अधिकांश ऐसी समितियां ऐसे जंजाल में उलझ गई हैं कि खुद भ्रष्टाचार में शामिल हैं, उनको तकनीकी जानकारी नहीं है। आठवीं पास, नौवीं पास बच्चों को उसका प्रबंधक बना दिया जाता है, जिनको कोई भी जानकारी नहीं होती। इससे सहकारिता कमजोर होता जा रहा था।

इस विश्वविद्यालय ने बनने के बाद अब सहकारिता में बहुत बड़ा काम होने वाला है। पिछले तीन वर्षों में सहकारिता मंत्रालय में सहकारी क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए 60 से ज्यादा नई पहलें की गई। इन पहलों से नये रोजगार की मांग उत्पन्न होगी, जिसकी वर्तमान में मौजूदा संस्थागत व्यवस्था में कोई भी व्यवस्था पर्याप्त रूप से नहीं है। इस विश्वविद्यालय का प्रमुख उद्देश्य सहकारी क्षेत्र की उसके स्वयं के स्कूल की स्थापना करके या संस्थानों को सहबद्ध करके वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अर्हित और प्रशिक्षित मानव शक्ति प्रदान करना। सहकारी सोसायटी के कर्मचारियों और बोर्ड के सदस्यों को सभी स्तरों पर प्रशिक्षण, शिक्षा प्रदान करने और क्षमता का निर्माण करना इस विश्वविद्यालय का प्रमुख उद्देश्य होगा। सहबद्ध सहकारी संस्थानों और प्रशिक्षण केन्द्रों के शैक्षिक और अनुसंधान क्रियाकलापों को एकीकृत, सरलीकृत और मानवीकृत करने के लिए यह शीर्ष निकाय के रूप में काम करेगा। सहकारी शिक्षा में पाठ्यक्रम तैयार करेगा, सहकारी शिक्षा प्रशिक्षण, अनुसंधान और सहायता के लिए उत्कर्ष केन्द्रों का विकास करेगा।

**16.00 hrs**

सहकारिता शिक्षा एवं शिक्षण के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के संस्थान के रूप में इनको विकसित करने का काम करेगा। इस विश्वविद्यालय का मुख्यालय आणंद में बनेगा, जिसका कुछ विपक्ष के साथियों ने विरोध किया है। मेरा उनसे कहना है कि अमूल डेयरी का सबसे सेटर वहीं है। वहीं से ही यह बात उत्पन्न होती है और जिनके नाम से यह विश्वविद्यालय बन रहा है, उनका इतना बड़ा योगदान रहा है। अगर वहां विश्वविद्यालय की स्थापना हो रही है, तो मुझे लगता है कि इसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। इस विधेयक में इस बात का प्रावधान है कि देश के दूसरे राज्यों में भी इसके विद्यापीठ खोले जा सकते हैं। वहां चल रहीं संस्थाओं को इसके साथ संबद्ध किया जा सकता है। मेरे मध्य प्रदेश राज्य का सांची दुग्ध उत्पादन का बहुत बड़ा केन्द्र है। मैं चाहता हूं कि उसको भी इसके साथ संबद्ध किया जाए। मध्य प्रदेश राज्य के मेरे संसदीय क्षेत्र सतना में एक विद्यापीठ खोली जाए, मैं ऐसी भी मांग करता हूं।

देश में सहकारिता आधारित आर्थिक मॉडल के संवर्धन के लिए सहकारी समितियों को जीवंत, पारदर्शी और जिम्मेदार आर्थिक इकाइयों में परिवर्तन करने की आवश्यकता है, जिसको लंबे समय से महसूस किया जा रहा है। कई ऐसे राज्य हैं, जैसे

गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु इत्यादि में सहकारी समितियों के माध्यम से बहुत अच्छे काम हो रहे हैं। वहां के ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है । वहां के लोगों की पर-कैपिटा आय भी बढ़ी है। महाराष्ट्र में अकेले एक लिज्जत पापड़ की सहकारी समिति है। उसमें 60,000 महिलाएं काम कर रही हैं। उसकी शुरुआत विधवा महिलाओं ने की थी। आज वह अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड बन चुका है। आज इन समितियों में कहीं न कहीं तकनीकी ज्ञान की जरूरत है।

विश्वविद्यालय के युवा सहभागी प्रबंधकों को ऐसी रीति से शिक्षित और प्रशिक्षित किया जाएगा कि उनमें सहकारी सिद्धांतों, मूल्यों और संस्कृति के प्रति अवमूल्यन की भावना विकसित हो सके। माननीय प्रधानमंत्री जी ने इस नए विभाग की स्थापना की थी। उस विभाग की जिम्मेवारी माननीय श्री अमित शाह जी को दी गई है। जब से वह सहकारिता में आए हैं, तब से देश में एक नया आंदोलन खड़ा हुआ है। सहकारिता एक जन-आंदोलन बनता जा रहा है।

इसके संवर्धन और विकास के लिए उन्होंने यहां पर इस विधेयक के माध्यम से नई-नई तकनीक का प्रस्ताव भी रखा है। वह वाकई में एक स्वागत योग्य कदम है। विश्वविद्यालय अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए एक अखिल भारतीय नेटवर्क भी बनाने जा रहा है। संबंधित स्थानों में डेयरी, मत्स्यिकी, ग्राम सहकारी वित्त, सहकारी कानून, सहकारी संपरीक्षा इत्यादि जैसे सेक्टर व विशिष्ट विद्यालय स्थापित करेगी। प्रत्येक विद्यालय अपने सेक्टर के ज्ञान का केन्द्र होगा और इस सेक्टर में प्रभावशाली शिक्षा और प्रशिक्षण व्यवस्था सृजित करने का माध्यम बनेगा।

यह विश्वविद्यालय शिक्षा नीति के अनुसरण में कार्य करेगा। यह डिग्री भी देगा, डिप्लोमा भी देगा और प्रमाण पत्र भी प्रदान करेगा। मेरा मानना है कि सहकारिता विश्वविद्यालय के माध्यम से हमारे देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में व्यापक सुधार आएगा। यह इतना बड़ा क्षेत्र है, जो नए रोजगार को सृजित करेगा। जैसा हमारे प्रधानमंत्री जी कहना है कि विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत बने। अगर हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं, तो यह कैसे संभव होगा? यह सहकारिता के माध्यम से ही संभव हो सकेगा। आज बहुत सारे निर्माण व विकास के कार्य हो रहे हैं, देश बदल रहा है, देश परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। अगर सहकारिता पीछे रह जाएगी, तो मुझे लगता है कि देश के साथ न्याय नहीं होगा। इसलिए इस विधेयक का पुरजोर समर्थन करना चाहिए। इस विश्वविद्यालय की स्थापना होनी चाहिए।

मैं इस विधेयक का बहुत-बहुत समर्थन करता हूं।

**SHRI SACHITHANANTHAM R. (DINDIGUL):** Thank you very much, Madam.

The ?Tribhuvan? Sahkari University Bill, 2025 was introduced by our Home and Cooperative Minister. Its name is in memory of the founder, Tribhuvan Das Patel, but the founder Secretary?s name was not mentioned, namely, Verghese Kurien who is known as the ?milk-man of India? because he was a South Indian.

The cooperative sector is in the State Schedule, but the Modi Government formed a new Department, especially for Shri Amit Shah, but co-operative federalism is not followed by our Cooperative Minister and also the Modi Government.

The NITI Aayog?s Report on expanding quality of higher education through States and through States? public universities is timely. Against the NITI Aayog?s Report, our Union Government develops only the Central Universities and not the State Universities.

The Indian Government spends as much as 1.57 per cent of the GDP whereas the UK spends 1.6 per cent and the US spends 1.7 per cent of their GDP on higher education.

The cooperative movement in India plays a crucial role in the sectors like agriculture, banking, and housing. In 1904, the British Government formed a cooperative rule in the Madras region. The first cooperative society was formed in Karnataka. The birthplace of the cooperative movement was also South India. So, our Union Government should choose a place for the Central University in South India. Kerala is the best model for the cooperative movement.

The most fundamental aspect of the Cooperative Act is a comprehensive reform. The Act, which was considered by the Select Committee in Kerala, aims to ensure a Government guarantee for investment. The insurance of the investment in cooperative societies affiliated with the Kerala Cooperative Investment Guarantee Fund Board has been increased from Rs. 2 lakh to Rs. 5 lakh. An Audit Committee has been formed to ensure the credibility and transparency of societies. As part of its modernization drive, the bank has tied up with Wipro, a leading provider of integrated systems to integrate core banking processes and provide all digital banking services. Kerala Bank has become the first bank in the cooperative sector to use the latest version of the banking software of Finacle. It is being implemented in districts other than Alappuzha, Wayanad, and Kottayam. The Cooperative Department has launched a new investment scheme called ?One Deposit Fund for a Family? as a useful scheme to help families in times of crisis. In Tamil Nadu, we have a Cooperative Department-owned college in Dindigul. Each District Cooperative Department conducts diploma courses from which their recruitment is also done.

Gandhigram Rural University of Higher Education was started in 1956 to bring higher education closer to the villagers. In the year 1956, 11 rural institutes were established by the Ministry of Education. Of the 11, Gandhigram Rural University remains alive and is the only surviving institute. This institute

specializes in rural development, and special research on Panchayat Raj is also conducted by the Political Science Department. Different courses like Rural Industrial Management, B.Tech (Civil), Cooperative Agriculture, Sanitation, Home Science, along with regular Arts and Science, are also conducted in the deemed-to-be university. Therefore, the Government of India should announce the Gandhigram Rural Institute as the Central University of Rural Studies. Thus, I object to the Tribhuwan Sahkari University Bill on behalf of the Communist Party of India (Marxist).

***m23 DR. GUMMA THANUJA RANI (ARAKU):** Madam, I rise today to address the Tribhuwan Sahkari University Bill, 2025, a landmark piece of legislation that promises to revolutionize cooperative education and research in our nation. Clause 4 of this Bill seeks to establish the Institute of Rural Management Anand as Tribhuwan Sahkari University ? an institution of national importance.

This transformation is not merely a change in nomenclature but is a bold step towards realizing our nation as ?*Sahkar Se Samriddhi*? ? ?Prosperity through cooperation?. Clause 6 outlines the comprehensive objectives of the University. It aims to provide education, training, and capacity building in the cooperative sector, and undertakes research and development of degree programs and e-learning courses. Such initiatives are crucial for maintaining our competitive edge in the international arena.

Madam Chairperson, let me discuss some critical improvements that can be made in this Bill. Clause 21 grants significant power to the Central Government in appointing members of the Governing Body, potentially limiting institutional autonomy. Clause 28 establishes a Board for affiliation and recognition headed by the Vice Chancellors, which may lead to the over-centralization of decision-making regarding affiliated institutes. Clause 40 allows the University to receive funds from foreign sources with prior Central Government approval, raising concerns about potential external influences.

Madam, some of the problems in the State of Andhra Pradesh with respect to higher education sector include dilution of the Nadu-Nedu Scheme.

The YSR Government's Mana Badi Nadu Nedu has transformed 56,703 Government schools, welfare hostels and junior colleges encompassing essential components such as furniture, drinking water, improved sanitation, and well-equipped classrooms. While Phase-I covered 15,715 schools, Phase II-covered 22,344 schools. An amount of Rs. 7,163 crore was spent during Jagan Mohan Reddy?s tenure

under Nadu Nedu Scheme, covering 99.81 per cent schools with basic infrastructure. Such a scheme is now diluted.

Now, I will talk about the removal of English as medium of instruction in Andhra Pradesh schools. Our earlier Chief Minister, Jagan Mohan Reddy Garu understood that globalization and India's position as Vishwa Mitra requires Indians being able to communicate and transact with people across the globe. To make our children globally competitive, our YSR Government had introduced English medium education in all Government schools, had affiliated 1,000 schools covering 4,39,595 students into CBSE, and taken steps to introduce IB syllabus and TOEFL certification to every child. Madam, I request the hon. Minister to kindly intervene in this matter and direct the State Government not to remove such an innovative thoughts of our former Chief Minister. It will be a great benefit for the students who are going to Government schools.

Thank you for giving me the opportunity to speak. The YSR Congress Party supports this Bill.

**श्री राजेश रंजन (पूर्णिया) :** सभापति महोदया, गांधी जी, विनोबा जी, सहजानंद सरस्वती जी और पंडित यदूनंदन शर्मा जी, चूँकि सहकारिता आंदोलन की शुरूआत ही बिहार से हुई थी। उस समय भूदान आंदोलन हुआ, सहकारी आंदोलन हुआ, चूँकि सहकारिता क्यों बनी थी? सहकारिता बनने के पीछे लघु, कुटीर, छोटे-छोटे किसान, मध्य वर्गीय किसान और सीमांत किसान थे, ताकि एक साथ ऐसी खेती की हम व्यवस्था करें, जिससे मुनाफे पर ज्यादा बल दिया जाए। अगर आप नील गाय आंदोलन से लेकर बाकी आंदोलनों को देखेंगे और सहजानंद सरस्वती जी और विनोबा जी को याद करेंगे तो आप बिहार को नहीं भूलेंगे।

दूसरा, इस देश के निर्माण में जिस प्रदेश से, जहां से मैडम, आप भी आती हैं, वहां बिहार के अत्यधिक मजदूर, आईआईएम, आईटी, आईआईटी, आईआरएस, आईएएस हैं और इनकी हर क्षेत्र के निर्माण में सबसे ज्यादा भूमिका होती है, लेकिन सबसे ज्यादा पलायन भी बिहार से ही होता है। वहां से इतना पलायन होता है कि दुनिया में कहीं से भी इतना पलायन नहीं हो सकता है। बिहार के लोग जहां भी जाते हैं, चूँकि अभी पंजाब से हमारे बच्चों को मारकर भगाया गया। वहां पर वे कह रहे हैं कि हम बाहर के लोगों को नहीं आने देंगे। नॉर्थ और साउथ की भी लगभग यही स्थिति है कि हमारे यहां के लोगों को वहां से भगाया जा रहा है।

मैडम, वर्ल्ड की तीन कंट्रीज़ को छोड़कर रिसर्च में सबसे कम यदि किसी कंट्री में खर्च होता है तो वह हिंदुस्तान है। अगर हम टेक्नोलॉजी को बढ़ावा नहीं देंगे, रिसर्च पर पैसा खर्च नहीं करेंगे तो हम किस तरीके से तकनीकी दुनिया की प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ पाएंगे?

इसके अलावा सहकारिता के अंतर्गत जितनी भी छोटी-छोटी संस्थाएं हैं, पहले की जितनी संस्थाएं हैं, चाहे आप बैंकिंग को उठाकर देख लीजिए, उस पर आप ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिन संस्थाओं ने आपको सहकारिता में आगे बढ़ाया है, उन संस्थाओं को

आप धन नहीं दे रहे हैं। उन संस्थाओं की गुणवत्ता पर, रखरखाव पर, वाइस चांसलर और प्रिंसिपल पर आप ध्यान नहीं दे रहे हैं।

चौथी चीज यह है कि इस देश में जितनी सहकारिता संस्थाएं हैं, वे लगभग लूट के अड्डे बन गई हैं, राजनीतिकरण का हिस्सा बन गई हैं।

मैडम, आप इसको समझ लीजिए। मैंडम, आप मेरी बात को गौर से समझने का प्रयास कीजिए। आज की डेट में जिस तरीके से सहकारी संस्थाओं में धान और गेहूं के नाम पर नैफेड-एफेड हों या जितनी ऐसी संस्थाएं हैं, वे सब के सब किसानों के धान और गेहूं की लूट में लगे हुए हैं। नैफेड से लेकर अन्य जितनी संस्थाएं हैं, उनकी जांच होनी चाहिए। उनके चेयरमैन करोड़ों-अरबों रुपए कमा चुके हैं, उनकी जांच होनी चाहिए।

मैडम, डेनमार्क के बाद सबसे ज्यादा दूध कोसी, सीमांचल और मिथिलांचल में होता है। वहां सबसे ज्यादा मत्स्य उत्पादन होता है, लेकिन वहां आज तक मत्स्य सहकारिता पर ध्यान नहीं दिया गया है।

मैडम, मैं मक्का और मखाना के बारे में कहना चाहता हूं। दुनिया में सबसे ज्यादा मक्का और मखाना हमारे यहां होता है। उस इलाके में पुर्णिया है। आप यह भी देख लीजिए कि सबसे ज्यादा फूड प्रोसेसिंग भी बिहार में होता है। दुनिया में वहां सबसे ज्यादा मत्स्य उत्पादन होता है। मिथिला, कोसी और सीमांचल में सबसे ज्यादा नदियां और पोखरे हैं। आखिर क्या कारण है कि सहकारिता बैंक को सबसे नीचे कर दिया गया है? सहकारिता बैंक की अच्छी स्थिति कहीं नहीं है। इसीलिए मेरा आग्रह है। ? (व्यवधान) मेरा एक आग्रह है कि पुर्णिया में एक यूनिवर्सिटी हर कीमत पर, पुर्णिया में त्रिभुवन यूनिवर्सिटी की स्थापना, पटना में त्रिभुवन यूनिवर्सिटी की स्थापना?(व्यवधान)

***m25 श्रीमती भारती पारधी (बालाघाट) :** मैडम, इन्होंने महामहिम राष्ट्रपति जी के बारे में जो कहा है, उसके लिए इनको माफी मांगनी चाहिए।

**माननीय सभापति :** अब्दुस्समद समदानी जी।

? (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** माननीय मंत्री जी, क्या आप कुछ बोलना चाहते हैं?

?(व्यवधान)

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री; तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी) :** सभापति महोदया, इस देश में फर्स्ट ट्राइबल वुमन महामहिम राष्ट्रपति बनी हैं, इन्होंने इनके बारे में गलत स्टेटमेंट दिया है, तो इस लिए हमारे माननीय महिला सदस्यों की भावना को चोट पहुंची है। इसलिए उनको माफी मांगनी चाहिए।? (व्यवधान)

**माननीय सभापति :** माननीय सदस्य, अब्दुस्समद समदानी जी।

? (व्यवधान)

**श्री राजेश रंजन :** मैडम, माइक ऑन कर दीजिए ।?(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** माननीय सदस्य, आप बोलिए ।

**DR. M. P. ABDUSSAMAD SAMADANI (PONNANI):** Madam, I thank you for permitting me to take part in this very important discussion on the Tribhuvan Sahkari University Bill. My understanding is that this University is named after one of the pioneers of our co-operative moment, Tribhuvandas Patel ji. His name has much relevance. When I understand about the name of this proposed University, and the name of the Bill, it brings to my mind the first part of a *sloka* of Sree Narayana Guru.

Sree Narayana Guru had said, and I quote:

*Tribhuvana seema kadannu tingivingum,*

*Triputi mudinju telingeedunna deepam*

Sree Narayana Guru meant and envisaged that knowledge should cross the limits of a Tribhuvan.

Madam, I do remember the pioneering efforts of Dr. Verghese Kurien, with whom I was fortunate to have personal and close relationship. It was he who turned the barren lands of Gujarat into flourishing lands of dairy production. Dr. Verghese Kurien was responsible for the White Revolution which led to the transformation of India?s rural economy. Even the Shyam Benegal?s classical movie, in 1976, ? Manthan? actually tells the story of this transformation. That is the essence of the cooperative movement.

Madam, I take this opportunity to pay my tributes to Dr. Verghese Kurien, whose efforts are embodied in the Institute of Rural Management Anand (IRMA), which is now poised to become a University.

Madam, I am very sorry to state here that the Government fails to see the whole as a complex society. The prejudiced-sectarian agenda of the Government will not be able to help our campuses, and will not be helpful in creating and erecting a healthy campus and a healthy university. The very basic problem or issue, no doubt, is the autonomy of our educational institutions. One after the other, the Government?s policies are becoming responsible for the destruction of the autonomous nature of our educational institutions.

Even in this present Bill, Madam, there are many provisions and clauses that affect federalism which is a very important aspect of our Constitution. As we all know, education comes under the State List. ?(*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude in one minute.

**DR. M. P. ABDUSSAMAD SAMADANI:** Madam, much of my time was lost due to the *hangama*.

Madam, this prejudiced-sectarian agenda has to be kept aside. Cooperatives were once envisioned and envisaged as instruments of economic democracy. But these cooperatives have nowadays become mere vote banks, controlled by local elites, sidelining the very farmers and labourers. So, a very important aim must be the empowerment of the rural population.

One of the noteworthy features of the present cooperatives is their non-inclusive character. So, I seek a clarification from the Government. What step is the Government going to introduce to ensure pluralistic and inclusive nature of the educational institutions and universities? Women, Dalits, local population, and tribal community continue to be under-represented in leading roles. So, financial management is another problem.

Madam, governance has to be reformed. Nowadays, there is a little room for the student?s representation. The aim of a university should not be just to provide jobs. I understand that university should provide jobs. But there must be higher-ends in the changing scenario of the world. It should not be like as what a poet has said, and I quote:

?हम क्या कहें अहबाब क्या कार-ए-नुमायाँ कर गए ।

बी-ए हुए नौकर हुए पेंशन मिली फिर मर गए ।?

It should not be like that. There has to be other ends, great destinations of life. There should be a significant aspect of it. This Bill barely scratches the surface of the deeper crisis of the afflicted cooperative sector.

So, I request the Government to bring changes and take urgent steps to ensure the autonomous nature of our universities and inclusive and pluralistic natures of the system of education.

Thank you, Madam.

**ADV. FRANCIS GEORGE (KOTTAYAM):** Thank you Chairperson.

Madam, at the outset, I would like to pay homage to the memory of late Shri Tribhuvan Das Patel and also late Dr. Varghese Kurien, the pioneers who established this institute in Gujarat.

Madam, I rise today as a representative from Kerala to address the pressing concerns regarding the recent legislative and regulatory developments impacting our nation's cooperative sector and higher education system. Specifically, I wish to discuss the Tribhuvan Sahkari University Bill, 2025, and the draft regulations proposed by the University Grants Commission concerning the appointment of Vice Chancellors. These initiatives, while ostensibly aimed at enhancing our cooperative movement and educational standards, raise significant questions about federalism, state autonomy, and the future of cooperative education in States like Kerala.

The introduction of the Tribhuvan Sahkari University Bill seeks to establish a national cooperative university by transforming the Institute of Rural Management Anand (IRMA) in Gujarat into the Tribhuvan Sahkari University, declaring it an institution of national importance. That is well taken, Madam.

The stated objectives include imparting technical and management education, promoting cooperative research, and strengthening the cooperative movement across the country.

While the intent to bolster cooperative education is commendable, the centralization inherent in this move is concerning. Kerala has a robust cooperative sector with well-established institutions like the Kerala State Co-operative Union and the Co-operative Academy of Professional Education, which have been instrumental in providing cooperative education and training tailored to the State?s unique socio-economic landscape.

By establishing a centralized university in Gujarat, there is a risk of marginalizing these State level institutions and undermining the cooperative movement?s grassroots nature. Cooperative education thrives when it is closely linked to local communities and their specific needs. ?A one size fits all? approach may not effectively address the diverse challenges faced by cooperatives in different States.

Madam, Kerala?s cooperative movement is a testament to the success of decentralized, community-driven initiatives. Institutions like the Co-operative Academy of Professional Education and the Kerala

State Co-operative Union have been at the forefront in providing professional education and training in the cooperative sector.

These institutions have tailored their programs to meet the specific needs of Kerala?s cooperative societies, contributing significantly to the State?s socio-economic development. The proposed centralization through the Tribhuvan Sahkari University risks duplicating efforts and resources, potentially leading to inefficiencies and a dilution of the quality of cooperative education that has been meticulously developed at the State level.

Madam, a concern has been raised about the introduction of multi-state cooperative societies because they offer high interest rates on deposits and thereby effectively blocking the fund-flow to local cooperatives without any commitment to the area of their operation.

They can deploy these funds anywhere. So, I request the Government to have very strict and effective control over these institutions.

Madam, Gujarat?s Anand Milk Cooperative is a model in the cooperative sector led by the late Dr. Varghese Kurien. Such models are to be replicated in the country.

Madam, while going through the Statement of Objects and Reasons of the Bill, there is a mention about relief to cooperative societies in the Income Tax Act. But actually, the Government has brought an amendment in Section 7(1)(aa) of GST Act by Finance Act, 2021 giving effect from 1.07.2021 inserting an explanation deeming a club or association and its members to be two separate persons. The taxability was enlarged to include activities for transactions between a club or association and its members. It appears that the amendment was made to overcome the judgement of the Supreme Court of India in State of West Bengal Vs. Kolkata Club. By way of amendment in the GST Act by inserting Section 7(1) (aa), a heavy, unforeseen burden is cast on the co-operative societies in as much as the co-operative societies are to collect tax from its members.

I would request the Government to revisit this amendment, cancel it, re-amend the law, and exempt the cooperative banks and societies from taxing their members.

Madam, I would like to conclude by emphasising the importance of upholding federalism and state autonomy. It is imperative that we uphold the principle of federalism and respect the autonomy of the State

Governments in managing their cooperative sectors and educational institutions. I urge the Central Government to reconsider the Tribhuvan Sahakari University Bill, 2025 to ensure that it does not undermine the State-level cooperative institutions and allows for a more decentralized approach that respects the unique contributions of each State to the cooperative movement.

Additionally, I call for the withdrawal or amendment of the UGC?s draft regulations on appointments of Vice Chancellors and reinstating the crucial role of State Governments in these processes to maintain the autonomy and integrity of state universities. Engaging in meaningful dialogue with State Governments and stakeholders is essential to develop policies that strengthen the cooperative sector and higher education system without encroaching upon the rights and responsibilities of the States. Thank you.

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM):** Madam, I rise to support this Bill. After a long time, I am getting an opportunity to support a Bill moved by the Government. This is a good initiative on the part of the Government in bringing such a Bill. But I have strong reservations in some respects. I will come to them. Kindly allow me some time. Since I am supporting the Government, I hope that the Treasury benches will also support my cause.

Madam Chairperson, I will not delve into the historic movement of the cooperative sector in the country due to time constraints. However, I must highlight that India?s cooperative movement is a powerful engine for inclusive growth, transforming the lives of millions and establishing India as a global leader in cooperatives. I would like to flag the problems and challenges faced by the cooperative sector: first, the lack of professional management leading to operational inefficiency and inadequate corporate governance; second, the lower capital and resource base; third, the lack of democratic control; fourth, the lack of transparency and accountability.

Nowadays, there are numerous corruption allegations, including those in my State of Kerala. There are so many allegations in respect of cooperative societies. There is excess political influence and bureaucratic control in cooperative societies, and there is a lack of awareness also. These are the main challenges confronting the cooperative sector. I hope that the Tribhuvan Sahakari University Bill, 2025 and its implementation will address some of these issues, particularly the lack of awareness and professional management.

The Bill aims to provide comprehensive education and training for all cooperative stakeholders, marking the first university of its kind in the cooperative sector to promote cooperative education, training, research, and development. I believe this is the need of the hour, as most staff and employees in the cooperative sector are not well trained, leading to a lack of professionalism in a competitive market economy. If the staff, employees, Directors, and the Board members of the cooperative sector are not competent to address the challenges, it will pose significant problems.

Therefore, high-tech skilled professionals are required to manage cooperatives, which play a vital role in India?s economic development. Hence, this Bill is of utmost importance. Therefore, I wholeheartedly support the Bill, but with certain reservations. Regarding the nomenclature of the Bill, I fully respect Shri Tribhuvan Patel and support the use of his name. However, I would like to make a suggestion.

If the government insists to use Tribhuvandas Patel's name for the University, I do appeal to the Government to change the name of the Institute of Rural Management Anand (IRMA) in the name of Dr. Varghese Kurien, who is the Father of the White Revolution in the country. Yes, let Tribhuvan Patel's name be there for the University. At least, the IRMA is founded by Dr. Varghese Kurien, is the Father of the White Revolution. Kindly change the name of IRMA in the name of Dr. Varghese Kurien. Or, if you are not ready to accept it, then I have another suggestion. There are schools which are being instituted under the University. I request you to start a school in the State of Kerala and give it the name of Dr. Varghese Kurien. If possible, let it be started in the State of Kerala, in my constituency, Kollam. I am fully supporting the Bill.

Now, I am coming to another problem in clause 9 of the Bill with regard to the power of the Government to review and issue directions. That is the point of autonomy. A university is an autonomous body, having administrative and academic autonomy. But, clause 9 of the Bill is giving excess powers to control the University. Madam, even by an order, the Central Government can annul any proceedings of the University. Further through the statute, the Central Government has the authority to control the affairs of the University. Then, what is the administrative autonomy of the University? It is just becoming an organization of the Central Government. So, I request the Government to review clause 9 so as to bring back the autonomous character of the University.

The third apprehension is regarding the appointment of Chancellor in clause 10. This provision is vague and not clear. The Central Government may appoint a person of eminence as the chancellor of the university. What is the mode of appointment? I am seeking a clarification from the hon. Minister. The Bill is silent regarding the appointment of Chancellor. There is no rule or provision also relating to the appointment of the Chancellor. In the case of appointment of Registrar, in the case of appointment of Vice-Chancellor, in the case of appointment of the Financial Officer, there is a provision that in such manner as may be provided in the statute, the appointments will be made, but as far as the appointment of the Chancellor is concerned, clause 10 is silent. How is he being appointed? That is to be made explicit in the Bill.

My fourth apprehension is that in almost all the national universities, Parliament is having a representation. One or two Members of Parliament are being given a chance to represent, but unfortunately, in this University, the Tribhuvan University, there is no representation. There is no participation of the Members of Parliament or the Parliament has no representation. Kindly look into it.

My fifth point is about the role of the Vice Chancellor. Other than the duties and powers as principal executive officer and the academic officer of the University, there are some other responsibilities of the Vice Chancellor. He is the ex-officio Chairman of the Executive Council, the Academic and Research Council, the Capacity Building Council, the Assessment and Improvement Council, the Research and Development Council, the Board for Affiliation and Recognition, and also the Finance Committee. Other than all the administrative responsibilities and duties, these functions are to be discharged by the Vice-Chancellor. How is it possible to give him excessive powers?

So, I urge upon the Government to look into all these aspects. With this observation once again, I fully support the Government in bringing such a Bill. It will change the workings of the cooperative sector in light of the present situation. With these words, I conclude and support. Thank you very much.

**डॉ. प्रशांत यादवराव पडोले (भन्डारा-गोंदिया) :** सभापति महोदया, यह मेरा सौभाग्य है कि आपने मुझे ?त्रिभुवन? सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025 पर बोलने का अवसर दिया।

सभापति महोदया, मेरे पिताजी स्वर्गीय श्री यादोरावजी पडोले ने अपना पूरा जीवन सहकारी क्षेत्र को समर्पित किया है। मैं विदर्भ से आता हूं, जिसे सहकारिता का गढ़ कहा जाता है। आज से 50 वर्ष पूर्व जब मेरे पिताजी ने देखा कि धान उत्पादन के अलावा भन्डारा-गोंदिया जिले के किसानों के पास वैकल्पिक आमदनी का कोई जरिया नहीं है, तब उन्होंने दूध उत्पादन के माध्यम से

सहकारिता आंदोलन की शुरुआत की। उन्होंने गरीब किसानों को सशक्त बनाया और सहकारिता के माध्यम से आर्थिक निर्भरता का मार्ग प्रशस्त किया।

मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसे परिवार से आता हूँ, जिसने सहकारिता को केवल एक आर्थिक मॉडल नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन के रूप में देखा है। आज भंडारा-गोंदिया दुग्ध संघ बहुत ही खतरे में है, बहुत ही संकट में है। मैं सरकार से विनती करता हूँ कि उनको वित्तीय सहायता दी जाए। यह आंदोलन अभाव और संघर्ष की पृष्ठभूमि से जन्मा है, जिसे वे लोग नहीं समझ सकते, जो एसी कमरों में बैठकर भव्य योजनाएँ बनाते हैं।

मेरे राज्य में सरकारी कृषि समितियों के माध्यम से धान की खरीद होती है। सरकार ने लंबे समय से धान गोदामों के भाड़े का भुगतान नहीं किया है। धान फसल निकालने के 6-7 महीने बाद समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की शुरूआत की जाती है। धान के वजन में जो गिरावट होती है, उसके लिए केवल आधा प्रतिशत दिया जाता है। धान की ढुलाई के लिए सबसे कम दर मेरे राज्य में दी जाती है।

हमारी सहकारी संस्थाएँ किसान-मजदूरों की आवाज रही हैं, लेकिन सरकार उन्हें अपनी कठपुतली बनाना चाहती है। सहकारिता का मतलब मिलकर काम करना है या किसी समान लक्ष्य के लिए कई लोगों या संस्थाओं का साथ देना है।

देश भर में करीब 5 लाख सहकारी समितियाँ सक्रिय हैं, जिनमें करोड़ों लोगों को रोजगार मिल रहा है। ये समितियाँ सामाजिक जीवन के अनेक क्षेत्रों में काम कर रही हैं, लेकिन कृषि, उर्वरक, दुग्ध उत्पादन और बैंकिंग क्षेत्र में इसकी भागीदारी सर्वाधिक है। देश में सहकारी आंदोलन में जब भी राजनीतिक दखल हुआ है, उससे आंदोलन को नुकसान पहुँचा है।

यह विधेयक स्पष्ट रूप से भारत के संविधान के अनुच्छेद 19(1)(सी) का उल्लंघन करता है, जो सभी को संघ, यूनियन या सहकारी समितियाँ बनाने की गारंटी देता है। अनुच्छेद 19 इन सहकारी समितियों की स्वायत्तता को भी संरक्षित करता है।

यह उल्लेख करना आवश्यक है कि राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के अनुच्छेद 43(बी) में यह भी कहा गया है कि राज्य सहकारी समितियों के स्वैच्छिक गठन, स्वायत्त कामकाज, लोकतांत्रिक नियंत्रण और पेशेवर प्रबंधन को बढ़ावा देने का प्रयास करेगा और इस मामले में केंद्र सरकार एक स्वायत्त संस्थान के कामकाज को पूरी तरह से अपने हाथ में ले लेगी। यह संविधान के प्रावधानों और राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों के विपरीत है। वे धारा 5, उप-धारा 4 के तहत यह स्पष्टीकरण देना चाहते हैं कि स्वायत्तता की रक्षा की जायेगी, जबकि इस विधेयक का हर एक प्रावधान आईआरएमए की स्वायत्तता को छीनने का एक प्रयास है।

यह विधेयक सहकारी आंदोलन को कमजोर कर केंद्र के नियंत्रण में लेने की कोशिश है। महाराष्ट्र, गुजरात, केरल, कर्नाटक जैसे राज्यों में सफल सहकारी मॉडल है, फिर उन्हें केंद्र के नियंत्रण में लाने की क्या जरूरत है? असली मंशा सहकारिता के नाम पर कॉरपोरेट्स और पूँजीपतियों को लाभ पहुँचाने की है। अगर सरकार वास्तव में सहकारी आंदोलन को मजबूत करना चाहती है तो सहकारी समितियों की चिंताओं को समझकर उनका समाधान निकाले। पहले तीन काले कृषि कानून लाए गए और अब सहकारी आंदोलन को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि यह विश्वविद्यालय किसानों और

सहकारी संस्थाओं के हित में काम करेगा, न कि कॉरपोरेट एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए । स्थानीय सहकारी आंदोलन को आत्मनिर्भर बनाना ही एक सही रास्ता है। दावों में चमक है, हकीकत में धुँधली छायी है, विकास के नाम पर फिर वही सियासी लड़ाई है, जो कल दरिया था, अब रेत बन गया, सरकार और कॉरपोरेट की भूख में सब खो गया।

महोदया, मैं इस विधेयक पर अपना विरोध दर्शाते हुए अपनी बात समाप्त करता हूँ। धन्यवाद, जय हिन्द।

**श्री जनार्दन मिश्रा (रीवा) :** महोदया, धन्यवाद।

महोदया, सहकारिता हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ है। यह हमारे किसानों और छोटे उत्पादकों के लिए एक जीवन-रेखा है।

महोदया, आज भारत में 8 लाख 26 हजार से अधिक सहकारी समितियां हैं, जिनके 29 करोड़ सदस्य हैं। ये समितियां 98 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों को कवर करती हैं। 20 प्रतिशत भारतीय सहकारिता सेक्टर से जुड़े हुए हैं। कृषि ऋण का 46.31 प्रतिशत और उर्वरक उत्पादन का 23.5 प्रतिशत कोऑपरेटिव्स प्रदान करती हैं । डेयरी क्षेत्र में सहकारी समितियां प्रतिदिन 58.7 मिलियन किलोग्राम दूध खरीदती हैं जिससे भारत वर्ष में 8 करोड़ श्रमिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलता है। विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों का भारतीय को-आपरेटिव सेक्टर दुनिया का सबसे बड़ा को-आपरेटिव नेटवर्क है। दुनिया भर की लगभग 30 प्रतिशत को-आपरेटिव सोसाइटियां भारत वर्ष में काम करती हैं । एक सार्वजनिक रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023 तक सहकारिता सेक्टर भारतीय अर्थव्यवस्था में कुल रोजगार के 13 प्रतिशत निर्माण की भूमिका निभाता है। वर्ष 2030 तक करीब 5.5 करोड़ रोजगार एवं 5.6 करोड़ स्वरोजगार की संभावनाएं सहकारिता के क्षेत्र में हैं। इतने बड़े सेक्टर को भी यूपीए सरकार ने कृषि एवं सहकारिता मंत्रालय के अंतर्गत रखा था। यह तो प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की दूरदर्शिता है कि उन्होंने वर्ष 2021 में सहकारिता मंत्रालय को कृषि मंत्रालय से अलग करके अलग स्वरूप प्रदान किया और सहकार से समृद्धि का एक मुख्य उद्देश्य घोषित करके इस दिशा में 8 लाख सहकारी संस्थाओं का जनता द्वारा पूर्ण उपयोग करने का काम किया है। यूपीए सरकार के समय सहकारिता मंत्रालय के अंतर्गत केवल 122 करोड़ रुपये का आबंटन था। आज एनडीए की सरकार में 1183.39 करोड़ रुपये कर दिये गये हैं। इस तरह से यह 9.7 गुना अधिक बजट है। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि वास्तव में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सहकारिता को कितना ज्यादा मजबूत बनाने का काम किया गया है। सहकारिता के माध्यम से गरीबों और किसानों को मजबूत करने का काम किया जा रहा है। इसी आधार पर ?त्रिभुवन? सहकारी युनिवर्सिटी विधेयक, 2025 लाया गया है।

महोदया, इस संस्थान के आने से सहकारिता आंदोलन में एक नई क्रांति होगी और इसे आत्मनिर्भरता की टैक्सस या कोऑपरेटिव की सिलीकॉन वैली कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी। यह विश्वविद्यालय तीन आयामों सहकार, शिक्षा और समृद्धि को यहां से निकालेगा । यह युवाओं के लिए प्रशिक्षण का केंद्र बनेगा । तकनीकी, एआई और डिजिटल प्लेटफार्म से सहकारिता शिक्षण को जोड़ते हुए 21वीं सदी में सहकारिता का आधुनिकीकरण होगा । शोध एवं नीति निर्माण, राष्ट्रीय नीतियां एवं नीतियों पर शोध होगा, जो किसानों, महिलाओं, मछुआरों, कर्मियों और विभिन्न सेक्टरों को सीधा लाभ देगा । महिला सशक्तिकरण, सहायता समूहों एवं लखपति दीदी जैसी माताएं, बहनें अपने कौशल प्रबंधन, सूचना एवं शैक्षणिक योग्यता को आवश्यकता के अनुसार प्राप्त कर सकेंगी

तथा सहकारिता दीदी जैसे नए आयामों को निर्मित करेगी। दैनिक मानक अमूल, इरमा, नाबार्ड और इफ्को जैसी संस्थाएं आपसे प्रेरणा लेकर शोध एवं स्टडी के माध्यम से मेड इन भारत सहकारी मॉडल को दुनिया में स्थापित करेगा।

सभापति महोदया, जैसा पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी कहते थे कि सत्य को छिपाने से उसकी ताकत कम नहीं होती है। इस देश ने दशकों तक विपक्ष में बैठे लोगों और सहकारिता से जुड़े लोगों के साथ अन्याय किया और सहकारिता को वोट बैंक और नोट बैंक की दुकान बनाया। कुछ प्रमुख राजनीतिक घरानों के लोग सहकारिता में सत्ता जमाकर बैठे हैं। उन्होंने युवाओं के लिए न तो ज्ञानार्जन की व्यवस्था की और न ही कौशल प्रबंधन और नए शोध की व्यवस्था की। दशकों तक अन्याय होता रहा। यह सहकारिता नहीं थी, यह विश्वासघात था। यही विश्वविद्यालय हजारों युवाओं को नेतृत्व कौशल देगा, उन्हें सशक्त करेगा, उन्हें न्याय देगा और घरानों तथा अन्यायपूर्ण व्यवस्था से लड़ने की चुनौती देगा। यह सहकारिता से परिवारवाद को हटाएगा और सहकारवाद को बढ़ाएगा। यह विश्वविद्यालय भारत के कोऑपरेटिव माडल को वैश्विक बढ़ाएगा। जैसे हमने योग और आयुर्वेद को विश्व को दिया, वैसे ही भारतीय सहकारी मॉडल अमरीका, अफ्रीका और दक्षिण एशिया में गरीबी उन्मूलन का रास्ता दिखाएगा। यह विश्वविद्यालय केवल हमारे लिए ही नहीं, बल्कि उस देश के लिए भी लाभदायक होगा जो सहकारिता की ताकत समझते हैं। इसके साथ ही साथ मैं बताना चाहूंगा कि एक सदस्य ने पूछा था कि आरक्षण का क्या होगा? इसका स्पष्ट उल्लेख है कि विश्वविद्यालय में प्रवेश और नियोजन में आरक्षण के संबंध में केंद्र सरकार की नीति के अनुसार काम होगा। दूसरा इसमें भ्रष्टाचार के बारे में पूछा गया। जिन सहकारी समितियों ने पहले भ्रष्टाचार किया था, वे आज डिफॉल्ट्स हैं। जिला सहकारी बैंक एक पैसे का कर्ज देने की स्थिति में नहीं हैं। सहकारी संस्थाओं की दुर्दशा करने का काम जिन लोगों ने किया, वही लोग इनके संरक्षण की बात कह रहे हैं। किसानों का अंगूठा लगाकर फर्जी सोसाइटी बनाकर जाली तौर पर ऋण निकाला गया और लाखों किसानों को कर्ज नहीं मिला। किसान कह रहा है कि हमने ऋण नहीं लिया, लेकिन सोसाइटी वाले कह रहे हैं कि तुमने ऋण लिया है। इस कारण देश की अधिकृत सहकारी सोसाइटियां डिफॉल्ट्स हो गई हैं।

वे एक पैसे का कर्ज नहीं दे सकतीं। इससे किसानों को खाद देने की क्षमता समाप्त हो गयी है, खरीददारी की क्षमता समाप्त हो गयी है। यह सब कुछ इन सहकारी माफिया की वज़ह से हुआ है।

महोदया, इसका शिक्षा से जोड़े जाने का विरोध किया जा रहा है। एक बहुत वरिष्ठ सांसद ने इसका यह कहते हुए मजाक उड़ाया कि क्या सहकारिता मंत्रालय अब यूनिवर्सिटी चलाएगा? इसके पहले भी आंतरिक सुरक्षा के अध्ययन को सशक्त करने के लिए गृह मंत्रालय, राष्ट्रीय रक्षा विद्यालय को चला रहा है। जलवायु परिवर्तन के मामले में लद्दाख में सिन्धु केन्द्रीय विश्वविद्यालय चल रहा है। गतिशक्ति विश्वविद्यालय परिवहन और लॉजिस्टिक्स के मामले में चल रहा है, इसलिए यह कहना कि ये एक नया विश्वविद्यालय खोलने जा रहे हैं, इस पर कोई एकाधिकार करने जा रहे हैं, यह सही नहीं है।

महोदया, बिहार के एक साथी कह रहे थे कि बिहार को सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी क्यों नहीं दी गयी? अभी पिछली ही लोकसभा में, वर्ष 2019 में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय बिहार को दिया गया है। इसी वर्ष खाद्य प्रसंस्करण के लिए देश का जो एकमात्र नया यूनिट खुलेगा, वह बिहार में खुलेगा। इसलिए विपक्ष के लोग जो दिग्भ्रमित करने का काम कर रहे हैं, उनको इससे ईर्ष्या हो

रही है कि पहले जो एक लूट का तंत्र था, उस लूट के तंत्र को खत्म करने के लिए प्रशिक्षित लोगों द्वारा इसे सुव्यवस्थित करने के लिए सहकारिता तंत्र को एक नया रूप दिया जा रहा है, एक नया चेहरा दिया जा रहा है। इसे साफ-सुथरा चेहरा देने के लिए जो यह काम किया जा रहा है, इससे इन पर ? * , इस वज़ह से ये सब इसका विरोध करने पर उतारू हैं।

महोदया, जिन माननीय सदस्यों ने इसका समर्थन किया है, उनको बहुत-बहुत धन्यवाद। इसी के साथ-साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

जय हिन्द। जय भारत।

**SHRI BALASHOWRY VALLABHANENI (MACHILIPATNAM):** Thank you, Madam. On behalf of my Jana Sena Party and myself, I stand here to support the ?Tribhuvan? Sahkari University Bill, 2025.

As we know, in the past, the Cooperative Department in our country was one of the most underestimated and ignored Departments. Under the leadership of our Prime Minister, Modi ji, a separate Ministry with its mantra ?Sahkar Se Samridhi' was created. Thereafter, under the leadership of hon. Minister, Shri Amit Shah ji, this Department has taken many steps. इस पूरे डिपार्टमेंट का उन्होंने रिव्यू किया, इसे स्ट्रेंथेन किया, इसका मॉडर्नाइजेशन किया and one of the best things was that पूर को-ऑपरेटिव डिपार्टमेंट का कम्प्यूटराइजेशन किया। The Ministry promoted two lakh more PACSs, which is one of the best things. There was increase in enrolment of members also. These are the key initiatives that the Ministry have taken.

It created the Cooperative Seed Producing Organization to bring improved seeds within the reach of even the smallest and the marginal farmers, and also made the small & marginal farmers as valuable seed producers to realise higher incomes.

It created a Cooperative Export Organisation for agricultural products on the lines of Credit Agricole of France, and it has already been made operational with Rs. 500 crore as seed capital. It also attracted farmers producers organizations as valuable partners in making agri-exports a big income as well as foreign exchange churner.

And now, Tribhuvan Sahkari University is being established to develop skilled professionals for managerial, technical, and administrative roles in cooperative services. Under Amit Shah ji's able leadership and guidance, who has a vast experience in the cooperative sector before he became the Union Minister, the cooperatives in Gujarat did a wonderful job and set an example for the improved

performance of cooperatives across the country. And now, he is doing the same thing at the national level. I heartily congratulate him on his futuristic thinking.

Madam, I would like to add one suggestion here. While setting up Tribhuvan Sahkari University is a welcome step, I wish to emphasize the outcome. As you are aware, the cooperative recruitment, promotions, etc., are having all sorts of ills. The management of professionals is lacking, which is the root cause of all. We can learn lessons from Germany, where they have an exclusive cooperative institute, and every employee of the cooperative should enrol as its participant. So, over a period of their service, the employees have to pass a series of exams and get certificates to achieve the next level of promotions. Hence, I request you to establish a proper protocol for the upcoming Tribhuvan Sahkari University with regard to courses, syllabus, conducting the examinations, and awarding certificates to the participants, which will enable them to achieve higher and marginal positions. With this, I am confident that there will be a day when we will truly get ?*Gram Swaraj*?.

Lastly, I would like to make a small request to the hon. Minister that a Southern Centre of the University may be set up at Amravati in the State of Andhra Pradesh. There should be an independent institute of Sahkari University, not the one that provides affiliation or affiliated courses to the existing university but should be an independent college or institute under the University.

With this, I once again welcome this Bill.

**SHRI GURMEET SINGH MEET HAYER (SANGRUR):** I thank you, Ma?am Chairperson. You have given me an opportunity to speak on an important Bill.

Ma?am, Cooperative sector is the backbone of farmers and dairy industry of rural India. Whether it is Punjab, Maharashtra, Karnataka etc., these states have done very good work in the field of Cooperatives. This University is being established in Gujarat. My question to the Govt. is that how will you strengthen the entire country?s cooperative system by setting up a university at one place? I understand the compulsion of the Govt. that the Hon. Prime Minister and the Hon. Cooperative Minister, both hail from Gujarat. But why should the entire country be ignored just for the sake of one State. Gujarat is the power centre. But, all other States are being ignored.

Hon. Ma?am Chairperson, I was a Minister in Punjab and the Sports Dept. was given to me. We asked for money for Khelo India for Punjab. Rs. 1800/- crores were granted under this Scheme for the entire country. But Rs. 1400/- crores were granted to Ahmedabad for construction of one stadium. For the rest of the country, only Rs. 400/- crores remained. Other States were given 10 crores or 20 crores.

Punjab has done very good work in the Cooperative sector. This is an important sector. Markfed is doing good work. Opening a university will not serve the purpose. Such universities should be opened in all States. If some States are doing good work in this sector, such research programmes should be encouraged. Collaboration with Markfed should be encouraged as it is doing good work. Similarly, faculty of this university should be recruited from various States. Experts from Punjab should also be recruited in this university.

So, I hope that the Govt. will do the needful in this matter and Punjab will be given its due rights.

Thank you.

_

**17.00 hrs**

**श्री इटेला राजेंदर (मल्काजगिरि) :** सभापति महोदया, धन्यवाद । Under the dynamic leadership of Modi Ji, many revolutionary decisions have been taken. इसमें एक सहकारी व्यवस्था है। मोदी जी के नेतृत्व में अमित शाह जी ने सहकारी व्यवस्था में 60 प्रकार के इनिशिएटिव्स लाकर इस व्यवस्था को मजबूत करने की कोशिश की है। अभी इसके रिजल्ट्स भी दिख रहे हैं। जिस जगह व्हाइट रेवॉल्यूशन सफल हुआ था, वह त्रिभुवन दास जी और कुरियन जी के कारण हुआ था। उन्होंने पूरे देश को मार्गदर्शन देने का काम किया था। वहां पर अभी जो इंस्टीट्यूट काम कर रही है, वह इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट, आनंद है। अभी इस इंस्टीट्यूट को एक्सीलेंट सेंटर बनाया गया है। इसके लिए 500 करोड़ रुपये खर्च करके एक बहुत बड़ी यूनिवर्सिटी लाई जा रही है। मैं इसका वेलकम करता हूं।

महोदया, आज दुनिया के अंदर बेरोजगारी की समस्या बहुत ज्यादा है। आज अमेरिका जैसे देश में क्या हो रहा है, इसे भी आप देख रहे हैं। आज देश में 8 लाख अलग-अलग सोसाइटियाँ हैं। उनमें डेयरी के भी हैं, एग्रीकल्चर के भी हैं, एसएचजी भी हैं और मछुआरे के भी हैं। देश में अलग-अलग 8 लाख सोसाइटियाँ काम कर रही हैं। अभी इन सोसइटियों में 30 करोड़ मेम्बर्स हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लिए महात्मा गांधी जी ने ?ग्राम स्वराज? का सपना देखा था। हमारे कंस्टीट्यूशन का जो स्पिरिट है, वह डेवलपमेंट विद इक्वल डिस्ट्रीब्यूशन है। आज कंप्यूटराइजेशन और जीनोम युग में भी हमारी 60 परसेंट आबादी ग्रामीण क्षेत्र में बसती हैं। ये सारे लोग अलग-अलग सेक्टर्स में अपनी जीवन बिताते हैं।

महोदया, बीच में सहकारी व्यवस्था को नेग्लेक्ट किया गया था। बहुत सारी सहकारी व्यवस्था को नुकसान भी हुआ था और वे बंद भी हुए थे। अमित शाह जी के आने के बाद इस सहकारी व्यवस्था को महत्व दिया गया है। यह जो यूनिवर्सिटी लाई जा रही है, यह एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भी होगी। इसको केवल व्यापार करने के लिए, एग्रीकल्चर के लिए, डेयरी के लिए, पोल्ट्री के लिए और फिशरिज के लिए ही नहीं है, बल्कि इसे वैल्यू एडेड प्रोडक्ट करने के लिए भी ताकत दी जाएगी। इसे किस तरह से फाइनेंस देना है, कैसे आगे ले जाना है, लोगों को किस तरह से जोड़ना है, इन सभी कामों को करने के लिए यह विश्वविद्यालय लाया जा रहा है। यह एक क्रांतिकारी बदलाव है।

महोदया, इस यूनिवर्सिटी के अण्डर अलग-अलग राज्यों में भी व्यवस्था की जाएगी। इसके तहत अलग-अलग स्टेट के अंदर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भी बनाना है। इसको और ताकत देकर अच्छा इंस्टीट्यूशन बनाना जरूरी है।

महोदया, आने वाले दिनों में हमारी सहकारी व्यवस्था और आगे जाएगी। हमारे प्रधानमंत्री जी की जो सोच है, वह यह है कि वर्ष 2014 तक जो अर्थव्यवस्था थी, उसमें हम 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर पहुंचे हैं। अगर हमें तीसरे स्थान पर आना है तो इस सहकारी व्यवस्था को आगे बढ़ना बहुत जरूरी है। इस देश के अंदर मोदी जी के नेतृत्व में एक अच्छी व्यवस्था स्थापित होगी और हमारा देश भी आगे जाएगा। यह हमारी मांग भी है और यह जरूर फुलफिल होगा। धन्यवाद।

**श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटील (सांगली) :** सभापति महोदया, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं गवर्नमेंट को भी बधाई देना चाहता हूं, whatever the agenda may be, this Bill is a step in the right direction. सब जानते हैं कि इस समय सहकारिता के क्षेत्र में एक अच्छी यूनिवर्सिटी की जरुरत है, जहां अच्छे बच्चे काम करने के लिए इस क्षेत्र में आएं।

पुराने जमाने में एक कहावत होती थी कि ?बिना सहकार, नहीं उद्धार,? यानी सहकार के बिना इस राज्य की, देश की प्रगति मुमकिन नहीं है। बहुत प्राइवेटाइजेशन होता रहा तो बहुत लोग प्राइवेट नौकरियां करने लगे और सहकार में लोग नहीं आते थे। जो ग्रामीण इलाके के बच्चे हैं, वे इस यूनिवर्सिटी में जाएं, इस यूनिवर्सिटी में पढ़ें, सहकार क्षेत्र की शिक्षा लें तो यह बहुत अच्छा निर्णय है। वैकुंठभाई मेहता इंस्टीट्यूट-वैमनीकॉम पुणे में है। सहकार राज्य मंत्री भी पुणे से आते हैं। उस इंस्टीट्यूट को भी अगर यही दर्जा दिया जाता तो अच्छा होता। बहरहाल नहीं हुआ, तो भी the plan according to the Act is to make a hub-and-spoke model. अलग-अलग कैम्पसेज़ बनाने हैं। मैं यही रिक्वैस्ट करूंगा कि आगे जाकर ऐसा कैम्पस बने तो कैम्पस के बजाए महाराष्ट्र को भी, ?वैमनीकॉम? को एक यूनिवर्सिटी का दर्जा दिया जाए। हमारे यहां वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट और डेक्कन शुगर इंस्टीट्यूट हैं, जो बहुत बड़ी संस्थाएं हैं। वसंतदादा पाटिल जी ने, शंकरराव मोहिते पाटिल जी ने, शंकरराव कोल्हे जी ने उसकी स्थापना की थी, विठ्ठलराव विखे पाटिल साहब उसमें शामिल थे। इन सबने यह संस्था निकाली है। शरद पवार साहब अच्छी तरह से संस्था चला रहे हैं। इस संस्था को भी यूनिवर्सिटी का दर्जा दिया जाए, एक ऑटोनॉमी दी जाए।

मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

**श्री छोटेलाल (राबर्ट्सगंज) :** आज मुझे ?त्रिभुवन? सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025 पर बोलने का मौका मिला है। समाजवादी पार्टी, पीडीए के मसीहा, इस देश-प्रदेश के करोड़ों युवाओं के प्रेरणास्रोत, देश के भविष्य माननीय अखिलेश यादव जी ने मुझे विधेयक पर बोलने का समय दिया है। माननीय मंत्री जी भी यहां बैठे हैं।

**17.07 hrs** (Hon. Speaker *in the Chair*)

हम आपसे आग्रह करते हैं कि जो यह व्यवस्था त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी के रूप में वृहद विश्वविद्यालय की स्थापना करने और उसे राष्ट्रीय महत्व की संस्था घोषित करने की है, इस व्यवस्था को क्यों न पूरे प्रदेश में लागू कर दिया जाए? माननीय सदस्य यहां पर बैठे हैं। उत्तर प्रदेश इतना बड़ा राज्य है, पश्चिम बंगाल है, महाराष्ट्र है, राजस्थान है, बिहार है, तमाम प्रदेश हैं, हर जगह पर अगर इस व्यवस्था को लागू किया जाए तो बहुत अच्छी सुविधा होगी। डेयरी दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन, चीनी, बैकिंग, ग्रामीण ऋण, सहकारी वित्त, सहकारी विपणन, कानून लेखा परीक्षा और बहुराज्य सहकारी समितियों में क्षेत्र विशिष्ट स्कूल स्थापित करता है। बिन्द जाति, मल्लाह जाति और केवड़ जाति के लोगों को मछली पालन में पचास प्रतिशत सब्सिडी का सहारा मिलना चाहिए, वह नहीं मिल रहा है ।

मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा और जल्दी ही अपनी बात समाप्त करूंगा। किसानों के साथ-साथ हर गरीब, दलित, आदिवासी एवं पिछड़े लोगों को यूपी सहित सब जगह पर न्याय नहीं मिलता है। उनको न्याय दिलवाने की कृपा करें। पीडीए के लोग कहते हैं कि संविधान खतरे में है। सही में खतरे में है, यह भाजपा से साबित हो रहा है। किसानों की आय दो गुनी नहीं हुई, जातीय जनगणना नहीं हुई। मैं कहता हूं कि

?जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी, जातीय जनगणना से होगा भारी, यह सब बात कैसे रहेगी उधारी, 2027 में भाजपा को मिलेगा जवाब भारी, भाजपा को मिलेगा जवाब भारी।?

धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष :** छोटेलाल जी, यह बिल है।

डॉ. जयंत कुमार राय जी, आप दो मिनट में अपनी बात कहिए।

**DR. JAYANTA KUMAR ROY (JALPAIGURI):** Sir, today, I rise to extend my whole-hearted support to the ?Tribhuvan? Sahkari University Bill, 2025 ? a visionary and a timely initiative under the leadership of hon. Home and Cooperation Minister, Shri Amit Shah ji. This Bill is not just about setting up another university. It is a national mission to revive, professionalise and modernise India?s cooperative sector, which is the very backbone of our rural economy and social structure.

Sir, as you are aware, India?s cooperative movement is one of the largest in the world, with over 8.5 lakh cooperatives and nearly 29 crore members. These cooperatives serve the poorest and the most

marginalised -- our farmers, women, artisans, fishermen, and workers. But today, they are struggling due to lack of trained leadership, modern management practices, and technological integration.

Hon. Speaker, Sir, I may bring to your attention a specific case of West Bengal; a State where the cooperative movement once had a glorious past. But today, the cooperative sector in West Bengal is a shadow of its former self. Rampant politicisation and corruption have crippled these institutions. State-controlled interferences have eroded trust, turning cooperatives into political tools rather than engines of social and economic empowerment. Farmers? credit societies, which should have been the lifeline of rural development, are now facing bankruptcy and public distrust. Women?s cooperatives, artisans and weavers are left without markets or modern training, leading to loss of livelihoods.

Sir, the cooperative spirit that built rural West Bengal has been systematically destroyed. West Bengal stands as a glaring example of what happens when cooperatives are not nurtured. Therefore, this Bill is not only necessary but urgent. By establishing the Tribhuvan Sahkari University as an institution of national importance, we are sending a strong message that cooperatives matter and India is serious about reforming and empowering them.

Sir, this university will have multiple crucial roles. It will impart modern, technical, and professional education in cooperative management, creating a new cadre of trained cooperative leaders; people who know how to run cooperatives efficiently, transparently, and profitably. It will promote research and innovation in the cooperative sector so that we bring Artificial Intelligence, digital finance, and blockchain to agriculture, dairy, fisheries, and rural enterprises. It will provide training and capacity building for grassroot members -- be it a small farmer of Jalpaiguri, a tea garden worker of Dooars, or a fisherman in the Sunderbans -- so that they can compete in today?s market-driven economy. It will also help in creating market linkages, promoting exports, and building global standards for the Indian cooperative products from handicrafts to organic food.

Sir, we must remember that cooperatives are not just about profit. They are about empowerment, equity, and dignity. They are the soul of Gandhian economics and the dream of Gram Swaraj. Today, under the visionary leadership of Prime Minister Shri Narendra Modi ji and with Amit Shah ji?s dedicated efforts to rejuvenate the Ministry of Cooperation, we are witnessing the rebirth of this sector and this university will be its intellectual and professional foundation.

Hon. Speaker, Sir, I also want to emphasize that for a State like West Bengal, where lakhs of poor farmers and workers have been let down by failed State policies, this University can train a new generation of cooperative leaders, young people who are educated, honest, and driven by the cooperative spirit of service.

The Tribhuvan Sahkari University will be the answer to that call, a place where rural people will learn to stand on their own feet, to manage their affairs, and to lead their communities towards prosperity.

Hon. Speaker, Sir, let us also remember that in an era where big corporates dominate markets, only strong, well-managed cooperatives can protect the rights of farmers, artisans, and rural producers. If we want ?Sabka Saath?, ?Sabka Vikas?, ?Sabka Vishwas?, and ?Sabka Prayas?, we must empower cooperatives and this Bill is a step towards that direction.

Sir, Shah Ji?s vision of a Sahakari Bill is not a dream, it is necessary for inclusive self-reliant India and I believe this university will serve as the IIM, the IIT and the AIIMS of the cooperative sector giving it professional strength, academic rigour and technological edge.

In conclusion, hon. Speaker, I urge this House to pass this historic Bill unanimously and send a message to the people of India that cooperatives are the future and India stands with its farmers, women and workers. Let this University be the lighthouse of a new cooperative revolution, transparent, professional and people-driven.

Thank you, Sir.

**श्री अमित शाह :** माननीय अध्यक्ष जी, यह सदन लगभग तीन घंटों से ?त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक, 2025? पर चर्चा कर रहा है। इस चर्चा को समृद्ध करने के लिए श्रीमती गनीबेन ठाकोर जी से लेकर श्री जयंत राय तक, इस सभागृह में 30 सदस्यों ने अपने बहुमूल्य विचार सदन के पटल पर रखने का काम किया है।

माननीय अध्यक्ष जी, सहकारिता एक ऐसा क्षेत्र है, जो देश में एक प्रकार से हर परिवार को छूता है। हर गांव में कोई न कोई ऐसी इकाई है, जो सहकारिता के माध्यम से कृषि विकास, ग्रामीण विकास और स्वरोजगार के काम में जुटी हुई है और देश के विकास में योगदान देती है। यह जो विधेयक है, यह इस सदन के माध्यम से पारित होने के बाद, इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी, स्वरोजगार और छोटी उद्यमिता का विकास होगा। सामाजिक समावेशन भी बढ़ेगा और नवाचार और अनुसंधान में भी कई नए मानक गढ़ने के मौके उपलब्ध होंगे।

एक प्रकार से सहकारिता की भावना से युक्त और आधुनिक शिक्षा से लैस एक नया सहकारी नेतृत्व (कोऑपरेटिव लीडरशिप) पूरे देश को प्राप्त होगा। मेरे लिए एक प्रकार से यह सौभाग्य का विषय है कि आज मैं इस विधेयक को सदन के सामने प्रस्तुत कर रहा हूं। इस सहकारी विश्वविद्यालय की जो कल्पना आई है, उसके बाद जब इसका नाम रखने का सवाल आया, तो इसका ?त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय? नाम रखने का निर्णय हुआ।

मान्यवर, जो ?त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय? नाम रखा गया है, उसके पीछे सहकारिता का दुनिया भर को आश्चर्यचकित करने वाला एक मॉडल और गांधी जी के सिद्धांतों से युक्त सहकारिता के सिद्धांतों के आधार पर ही तथा प्रमाणिकता के साथ पूरा जीवन व्यतीत करने वाले एक व्यक्तित्व की भी इसमें बात आती है। जो ?त्रिभुवन? नाम आया है, यह श्री त्रिभुवन किशिबाई पटेल के नाम पर है। त्रिभुवन भाई पटेल वही व्यक्ति हैं, जिन्होंने अमूल डेयरी की नींव डालने का काम किया था।

आजादी से पहले गुजरात के आणंद-खेड़ा जिले के कुछ किसान दूध का उत्पादन करते थे, वह दूध वहां से मुंबई की पॉलसन डेयरी में जाता था। एक दिन कुछ किसानों ने दूध के भाव में बढ़ोतरी की मांग की, तो पॉलसन डेयरी ने दूध लेना बंद कर दिया।

किसान असहाय हो गए। त्रिभुवन भाई के नेतृत्व में सरदार पटेल के पास गए। सरदार पटेल ने कहा- अगर आपको गुलामी ही करनी है तो शोषण को भी सहन करना पड़ेगा और अगर गुलामी नहीं करनी है, शोषण को सहन नहीं करना है तो आप लोग अपनी कोऑपरेटिव सोसायटी बनाइए। अपने दूध का व्यापार आप खुद कीजिए। उसके बाद देश की पहली छोटी सी एक गांव की कोऑपरेटिव बनी, जिसमें ढाई सौ लीटर दूध एकत्र होता था। वहां से लेकर विश्व का सबसे मजबूत कोऑपरेटिव ब्रांड अमूल बनने तक की यह यात्रा त्रिभुवन दास पटेल के द्वारा हुई। त्रिभुवन दास सरदार पटेल जैसे महान नेता के सानिध्य में रहकर भारत के अंदर सहकारिता की नींव डालने वाले व्यक्तियों में से एक थे।

मान्यवर, आज जो गुजरात सहकारी दूध विपणन संघ (जीसीएमएमएफ) बना है, जिसे हम अमूल के छोटे नाम से हम जानते हैं, वह त्रिभुवन दास जी के विचार की देन है। मान्यवर, ढाई सौ लीटर से शुरू की गयी अमूल की यात्रा जो वर्ष 1946 में गुजरात के एक कस्बे से शुरू हुई थी, वह आज भारत का सबसे बड़ा डेयरी ब्रांड बनकर विश्व के सामने उपस्थित है।

मान्यवर, अमूल का मॉडल जो आज इतना विकसित है, जब इसकी स्थापना हुई, मैं तब की तो बात नहीं करता, मगर वर्ष 2003 में अमूल का टर्नओवर 2882 करोड़ रुपये था। आज अमूल की बिक्री 60000 करोड़ रुपये को पार कर गयी है। यह कई बड़ी मल्टीनेशनल कंपनियों- हिन्दुस्तान यूनिलीवर से पांच गुना बढ़ा है, नेस्ले इंडिया से आठ गुना बड़ा है और आज मैं सदन को बताना चाहता हूं कि इतने बड़े आंदोलन में किसी की भी शेयर पूंजी हिस्सा सौ रुपये से ज्यादा का नहीं है। छोटी-छोटी गरीब किसान महिलाओं ने सौ-सौ रुपये इकट्ठा करके इसे बनाया है। आज जब इस चीज को आश्चर्यचकित होकर पूरी दुनिया देख रही है और अमूल का ग्रुप टर्नओवर, दूध के अलावा के कारोबार को मिलाकर 90,000 करोड़ रुपये तक पार कर गया है। गुजरात की 36 लाख महिलाओं को स्वरोजगार देने का काम हुआ है। यह मॉडल को, आज प्रधान मंत्री जी ने इस यूनिवर्सिटी को त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी नाम देकर त्रिभुवन दास पटेल को बहुत बड़ी श्रद्धांजलि देने का काम किया है। ? (व्यवधान)

मान्यवर, इस बिल की क्या जरूरत है, उस पर आने से पहले थोड़ा बैकग्राउंड बताना चाहता हूं। मान्यवर, नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में वर्ष 2014 में भाजपा सरकार बनी थी। यह दस साल का कालखंड, इस देश के गरीबों के लिए जब भी इतिहास लिखा जाएगा, स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा। इस दस साल के समय में इस देश के गरीब को घर देने का काम हुआ, शौचालय देने का काम हुआ, पीने का पानी देने का प्रयास हुआ, पांच किलो अनाज उनको मुफ्त में दिया गया ? (व्यवधान)

मान्यवर, अगर इनको सुनना है तो मैं जवाब देने के लिए तैयार हूं। ? (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप तो अपना जवाब दीजिए।

**श्री अमित शाह :** मान्यवर, इनको घर में गैस देने का काम हुआ। पांच लाख तक की दवाइयों का पूरा खर्च माफ कर दिया गया और उनके घर में बिजली भी पहुंचाई गई। अब आप लोग कह रहे हैं कि यह सब दस ही साल में हुआ तो मैं आपको बताना चाहता हूँ कि नरेन्द्र मोदी जी के आने से पहले 75 सालों में 12 करोड़ गैस के सिलेंडर, गरीबों के नहीं, अर्बन एरिया, चूँकि गरीबों की बहुत छोटी सी संख्या थी और नरेन्द्र मोदी जी ने 10 साल में 12 करोड़ गैस के सिलेंडर बांटे हैं। शौचालयों की संख्या भी आपके 75 सालों से कई गुना ज्यादा है। घर बनाने की संख्या आपके 75 सालों से कई गुना ज्यादा है।

मान्यवर, उसकी दवाई की कोई व्यवस्था नहीं थी, लेकिन आज देश के हर गरीब को, चूँकि दिल्ली में भी कमल खिल गया। दिल्ली बाकी था, वहां पर भी ?आयुष्मान भारत? आ गया। आज देश के हर गरीब को 5 लाख रुपये तक के खर्चे की चिंता नहीं करनी है। दादा, सिर्फ पश्चिम बंगाल बचा है। चुनाव के बाद वहां पर भी कमल खिलेगा और वहां पर भी ?आयुष्मान भारत? आ जाएगा ।

मान्यवर, मैं नहीं बोल रहा था। ये मुझसे बुलवा रहे हैं। मैं तो सीधे विषय पर बात कर रहा था। इन 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा के बाहर आए हैं। एक प्रकार से उसको घर मिल गया, घर में बिजली मिल गई, घर में पानी मिल गया, घर में शौचालय मिल गया। घर के ऊपर सोलर पैनल लगने लगा। उसको पांच लाख तक का बीमा मिल गया। पांच किलो अनाज मुफ्त मिल गया। अब गरीब को यह सब मिल तो गया, मगर उसके सामने एक बहुत बड़ी समस्या आ गई। समस्या यह आई कि पहले उसका पूरा जीवन, पीढ़ियों तक, 365 दिन, जिन चीजों के लिए जाता था, उन सारी चीजों की समस्या मोदी जी ने 10 साल में समाप्त कर दी। अब वह क्या करे? उसके लिए तो कोई काम ही नहीं बचा। ? (व्यवधान)

मान्यवर, इनकी बात सही है। ये भौतिक सम्पदा की बात कर रहे हैं। देश में ढेर सारे लोगों को यह मिली है, लेकिन विचारों की दरिद्रता आज भी खत्म नहीं हुई है। वह आज भी मेरे सामने है। वैचारिक रूप की दरिद्रता का तो भाई नरेन्द्र मोदी के पास ही इलाज नहीं है। विचारों की जो गरीबी है, उसको तो हम कैसे मिटा सकते हैं? वह तो पार्टी की हाइरार्की में ऊपर से नीचे की ओर आती है। अब ऊपर ही नहीं है, चूँकि हमारे गुजरात में एक कहावत है कि ?कुएं में ही नहीं है तो खेत में कहां से आएगा।?

मान्यवर, इस वैचारिक दरिद्रता का मेरे पास कोई इलाज नहीं है। गरीब के सामने एक समस्या आ गई कि अब क्या करना है? मुफ्त अनाज मिल गया, बिजली का कनेक्शन आ गया, गैस आ गई। इनके लिए वह संघर्ष कर रहा था, लेकिन अब उसको आगे

बढ़ना है। उसे कुछ उद्यम का कार्य करना है। देश के विकास में अपना योगदान देना है, लेकिन उसके पास पूंजी नहीं है, बेचारे के पास पूंजी नहीं है। पूंजी नहीं है तो वह कैसे उद्यम करे?

मान्यवर, पूंजी बगैर के व्यक्ति को उद्यमिता के साथ जोड़ने का एक ही रास्ता है, वह है ? कोऑपरेटिव सेक्टर, जिसके माध्यम से 100-100 रुपये की पूंजी मिलाकर करोड़ों लोग साथ में आकर अपना उद्यम कर रहे हैं और सम्मानपूर्वक जी रहे हैं। वे स्वरोजगार भी प्राप्त कर रहे हैं और स्वरोजगारी के माध्यम से देश में अपना योगदान भी दे रहे हैं।

मान्यवर, ढेर सारे अर्थशास्त्रियों के हिसाब से देश के अर्थतंत्र का एक मानक, ?जीडीपी? है। इसे मैं भी स्वीकार करता हूँ। जीडीपी देश के अर्थतंत्र का स्वास्थ्य बताने का एक बहुत बड़ा मानक होता है, मगर भारत जैसा देश, जहां 130 करोड़ की आबादी है तो जीडीपी के साथ-साथ रोजगारी भी बड़ा माध्यम है और सहकारिता क्षेत्र एकमात्र ऐसा क्षेत्र है, जो 130 करोड़ लोगों को स्वरोजगार के माध्यम से देश के विकास के साथ भी जोड़ता है और अपने सम्मान की रक्षा भी कर सकता है।

मान्यवर, 75 सालों से देश के किसान, ग्रामीण व्यक्ति, कोऑपरेटिव लीडर्स मांग कर रहे थे कि देश में भारत सरकार का एक कोऑपरेटिव मंत्रालय बने, लेकिन यह कोई नहीं सुनता था। मोदी जी ने साढ़े तीन साल पहले कोऑपरेटिव मंत्रालय बना दिया।

मान्यवर, कोऑपरेटिव मंत्रालय बनाया, उसके बाद सहकारिता के विकास का एक नया अध्याय शुरू हुआ। मान्यवर, कोऑपरेटिव मंत्रालय बनाने के बाद इसमें देश की आठ लाख सहकारी समितियां हैं, 30 करोड़ लोग इसके सदस्य बने हैं, एक प्रकार से हर परिवार से एक व्यक्ति जुड़ा है, देश में हर पांचवां व्यक्ति कोऑपरेटिव से जुड़ा हुआ है। मान्यवर, इसके विकास के लिए 75 साल से कोई प्रयास नहीं किया गया।

मान्यवर, इसीलिए मोदी जी ने कोऑपरेटिव मंत्रालय की स्थापना की है और इसके बाद क्या? मान्यवर साढ़े तीन सालों के अंदर कोऑपरेटिव मंत्रालय ने ढेर सारे काम किए हैं। 75 साल से देश की सहकारिता आंदोलन चलते-चलते पूरे देश भर में एक प्रकार से सिमिट्रिक आंदोलन नहीं रहा, विसंगतियां हुईं। यह पश्चिम में अच्छा चल रहा था, दक्षिण में अच्छा चल रहा था, मध्य में मध्यम प्रकार का था, उत्तर में निर्बल हो गया, पूर्व में थोड़ा निर्बल हो गया। देश भर में असमान सहकारिता का आंदोलन चल रहा था और इसका विकास करना है तो सबसे पहले गैप्स ढूंढने पड़ेंगे? हम गैप्स कैसे ढूंढेंगे, कोई डेटाबेस ही नहीं था, क्योंकि सहकारिता राज्य का विषय है तो गैप्स कैसे ढूंढेंगे? हमने सबसे पहला काम किया कि सभी राज्य सरकारों को साथ में रखकर सहकारिता का डेटा बेस तैयार किया और मान्यवर ढाई साल में सहकारिता का पूरा डेटाबेस बन चुका है।

मान्यवर, आज हमारे डेटाबेस की साइट पर कोई चला जाए और बिहार के नक्शे पर अंगुली रखे तो बिहार में टोटल कितनी कोऑपरेटिव्स हैं, डेयरी कोऑपरेटिव्स कितनी हैं, पैक्स कितने हैं, मार्केटिंग कितनी है, मत्स्य की कितनी हैं, हाउसिंग की कितनी हैं, ये सारी चीजें मिलेंगी। फिर बिहार के दरभंगा जिले में जाएगा, वहां अंगुली रखेगा तो वहां का मिल जाएगा। फिर एक गांव में जाएगा तो गांव का भी मिल जाएगा। फिर चिन्हित होगा कि गैप्स कहां हैं? फिर तय हुआ कि दो लाख नए प्राथमिक कोऑपरेटिव सोसाइटीज

पैक्स बनाए जाएंगे। इसके बाद देश में एक भी पंचायत ऐसी नहीं होगी जहां पैक्स नहीं होगा। इस बात का भी अध्ययन किया गया है कि पैक्स पहले भी बने थे, लेकिन वे बंद क्यों हो गए?

मान्यवर, पैक्स इसलिए बंद हुए क्योंकि आर्थिक सुधारों के साथ-साथ इनकी गतिविधियों पर कई प्रकार की कटौतियां आ गईं। पहले पैक्स डिपॉजिट लेते थे, अब डिपॉजिट लेने में मनाही आ गई। पैक्स अपना ऋण खुद लेते थे, खुद ऋण देते थे, तो वे ब्याज की दर तय करते थे, लेकिन अब रिजर्व बैंक और नाबार्ड ने ब्याज की दर तय कर दी। अब उनके पास जो पूंजी आती है, इसके डेढ़ परसेंट में ही किसानों को देना पड़ता है तो पैक्स कभी मुनाफा नहीं कर सकता है। इसलिए हमने पैक्स के साथ इसके बायलॉज बदलने का निर्णय लिया और मैं देश भर की सभी दल की सरकारों का इस सदन में फ्लोर पर खड़ा रहकर बहुत-बहुत धन्यवाद करना चाहता हूं क्योंकि पैक्स के बायलॉज भारत सरकार नहीं बदल सकती है। पैक्स के बायलॉज राज्य सरकारें ही बदल सकती हैं। मैंने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात की। उन्हें पैक्स के बायलॉज मॉडल भेजे। मुझे आनंद है कि कश्मीर से कन्याकुमारी और नॉर्थ ईस्ट से लेकर द्वारका तक पूरे देश ने बायलॉज एक्सैप्ट किए और सभी बायलॉज बदले गए।

मान्यवर, हमने बायलॉज बदलकर क्या किया? 25 से ज्यादा आर्थिक कार्यकलाप पैक्स के साथ जुड़े। इसके अंदर चुनाव की पद्धति जुड़ी और इसके अंदर एक कॉमन अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर डाला, जो देश की सभी भाषाओं में बना हुआ है। पैक्स लघु, मध्यम और दीर्घ अवधि के कृषि ऋण देता है। अब वह उन्नत बीजों का भी वितरण कर पाएगा, फल सब्जियों का उत्पादन कर पाएगा, मधुमक्खी पालन कर पाएगा, पैक्स मत्स्य सोसायटी भी होगी, पैक्स डेयरी भी होगा, पैक्स रेशम उत्पादन के साथ भी जुड़ेगा, पैक्स कॉमन सर्विस सेंटर भी होगा।

महोदय, मुझे बताते हुए आनंद हो रहा है कि आज देश के अंदर लगभग 43,000 टैक्स पैक्स सीएससी बन चुके हैं जिसमें केंद्र सरकार और राज्य सरकार की 300 से ज्यादा योजनाएं हैं। जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रेशन कराना है तो पैक्स से करा लेते हैं, एयर टिकट बुक करानी है तो पैक्स से करा लेते हैं, रेलवे टिकट बुक करानी है तो वहीं से हो जाती है। इसके अलावा कई प्रकार के सत्यापन पैक्स कर सकता है। ऐसे 43,000 पैक्स बने हैं।

हमने प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र पैक्स बनाए। 36,000 पैक्स पीएमकेएसके के रूप में काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जन-औषधि केंद्र बनाने का भी हमने उनको मौका दिया। आज 4000 से ज्यादा सोसाइटियां जन-औषधि केंद्र बन रही हैं। पेट्रोल और डीजल आउटलेट के लिए कहा, 400 पैक्स अपना पेट्रोल पंप बना रहे हैं। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूशन के लिए कहा, कई पैक्स ने आवेदन कर दिया है। अब तक भंडारण का काम, अनाज स्टोरेज का काम, जो प्राइवेट हाथों में चला गया था, हमने विश्व की सबसे बड़ी भंडारण योजना नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में बनाई। अब तक 500 पैक्स गोदाम चिन्हित पैक्स में से 76 बनाने का काम चालू कर चुके हैं। 11 पैक्स का गोदाम का काम समाप्त हो चुका है और वहीं पैक्स के माध्यम से ही खरीदा हुआ धान और गेहूं स्टोरेज होता है और वहीं से हर व्यक्ति को 5 किलोग्राम अनाज पहुंचाया जाता है।

महोदय, हमने यह सब बिजनेस करने के लिए, सब काम करने के लिए कंप्यूटराइज सॉफ्टवेयर दिया। भारत एवं राज्य सरकार ने 2516 करोड़ रुपये परिव्यय करके देश के 67,000 पैक्स को कंप्यूटर दिया, सॉफ्टवेयर दिया और खर्चा करके लिगेसी डाटा का

स्टोरेज भी कराया। आज 67,930 पैक्स में से 43,658 पैक्स, लगभग दो तिहाई पैक्स लाइव हो गए हैं। शाम को ही इनका अकाउंट हो जाता है, उनका ऑडिट भी ऑनलाइन होता है और सारा कारोबार ऑनलाइन हो चुका है। एक प्रकार से सहकारिता क्षेत्र में एक क्रांति आई है । दो लाख बहुद्देशीय नए पैक्स बनाने हैं, इसके लिए एनडीडीबी, एनएफडीबी और राज्यों के साथ, इन तीनों को जिम्मेदारी दी है । पंचायतें भी चिन्हित हो चुकी हैं । उनके रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही भी चालू है । अब तक 60,000 से ज्यादा एप्लीकेशन्स आ चुकी है और 14,000 से ज्यादा पैक्स काम कर रहे हैं।

मान्यवर, दो लाख पैक्स हर पंचायत में पहुंचेगे तो फिर से एक बार सिमेट्रिक तरीके से, संतुलित तरीके से हमारे देश का कोऑपरेटिव आंदोलन खड़ा होगा। जब पैक्स बनता है तो ऊपर डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक बनता है, जब ग्रामीण डेयरी बनती है तो ऊपर जिले की डेयरी बनती है। जब जिले की डेयरी सभी जिलों में बन जाती है तो प्रदेश की डेयरी का स्ट्रक्चर बनता है। मूल चीज पैक्स है, जब हम दूसरी बार देश की जनता के सामने जनादेश लेने के लिए जाएंगे, उससे पहले हर पंचायत में पहुंचाने का काम समाप्त कर देंगे। सहकारिता का व्यापार आगे बढ़ेगा।

जैम पर खरीदी के लिए लगभग 550 से अधिक सहकारी समितियां ऑन बोर्ड हो चुकी हैं। अब हम खरीदी का अभियान चलाने वाले हैं। मैं कहूंगा तो ये फिर रूठ जाएंगे, कांग्रेस के शासन में पैक्स के साथ इनकम टैक्स में बड़ा अन्याय होता था। हमने सहकारी समितियों पर आयकर अधिभार 12 प्रतिशत से कम करके सात प्रतिशत किया। मैट को 18.5 प्रतिशत से कम करके 15 प्रतिशत किया और धारा 269 एसटी के तहत दो लाख से कम लेनदेन पर आयकर जुर्माने से छुट्टी दी। निर्माण करने वाली सहकारी समितियां की दर 30 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत की पैक्स और बाकी लोगों के लिए दो लाख से बढ़ाकर नकदी जमा रकम बीस हजार से बढ़ाकर दो लाख रुपये की।

टीडीएस से मुक्ति की सीमा 1 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ कर दी। हमने राष्ट्रीय स्तर की तीन नई सहकारी समितियां बनाने का काम किया, जो बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज का काम करेंगी।

मान्यवर, राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड ? हमने एक राष्ट्रीय कोऑपरेटिव संस्था बनाई, जिसमें अब तक लगभग 8 हजार पैक्स (PACS) जुड़ चके हैं। इनके माध्यम से देश के किसानों का उत्पाद विदेश में एक्सपोर्ट करने का काम चल रहा है। हमने अब तक 12 लाख टन सामग्री एनसीईएल के माध्यम से दुनिया भर के बाजारों में भेजकर इसका मुनाफा सीधे किसान के पास पहुंचाया है। भारतीय जैविक सहकारी लिमिटेड के माध्यम से, जो ऑर्गेनिक प्रोडक्ट किसान उत्पादित करता है, इसको खरीदकर टेस्टिंग करके, भारत ब्रांड के विश्वनीय ब्रांड नेम देकर और पैकेंजिंग करके आज बाजारों में बेचा जाता है। जिनको ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स चाहिए, वे उन लोगों को अच्छे दाम देने के लिए तैयार हैं, उनको विश्वसनीय ऑर्गेनिक चीजें चाहिए। दुनिया की सबसे आधुनिक लैबोरेटरी में टेस्टिंग की हुई चीजें अमूल और भारत ब्रांड के साथ जाती हैं। 5 हजार पैक्स के किसान अपने ऑर्गेनिक प्रोडक्ट को NCOL के माध्यम से आज देश और विदेश की मार्केट में बेचते हैं। इसकी टेस्टिंग की कम्पलीट व्यवस्था हुई है और टेस्टेड मटैरियल भारत ब्रांड के साथ जाता है। ढेर सारे ब्रांड्स, ढेर सारे प्रोडक्ट्स ? मैं आपको प्रोडक्ट्स की लिस्ट के बारे में आगे बताता हूं। इसके साथ भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड भी है ? जो मीठे बीज हैं, परंपरागत बीज हैं, जिसका टेस्ट ठीक है, जो स्वास्थ्य के लिए भी उपकारक है,

एक बार भी हाइब्रिड नहीं किया गया है, ऐसे बीजों का संरक्षण और संग्रहण करके हमने इसको संरक्षित किया। हाइब्रिड बीज उत्पादन के लिए पहले बड़े किसानों से ही कॉर्पोरेट कंपनियां एग्रीमेंट करती थीं। इसकी जगह हमने ढाई एकड़ के किसान को भी बीज उत्पादन के लिए जोड़ा और आज 20 हजार पैक्स के किसान बीज उत्पादन का काम कर रहे हैं। पूरा देश जानता है कि अनाज उगाने में और बीज की खेती करने में ढाई गुना नफा बीज की खेती करने में है। मगर छोटा किसान नहीं कर पाता था। इसके माध्यम से हुआ है।

मान्यवर, हमने भारत ऑर्गेनिक ब्रांड के लिए ऑर्गेनिक कोऑपरेटिव बनाई है। मैं इसलिए सदन के सामने कहता हूं कि आपके माध्यम से यह देश भर में जाए। अगर उनको विश्वस्त ऑर्गेनिक प्रोडक्ट अपनी रसोई के लिए लेने हैं, तो वह ले भी पाए और ये ऑनलाइन भी मिलते हैं। इसमें जैविक चावल, आटा, अनाज, बाजारा, चीनी, गुड़, चाय, काफी, साबुत मसाले, जैविक तेल, शहद, पिसे हुए मसाले, सूखे मेवे, जैविक बेसन, जैविक चने की दाल, जैविक मसूर की दाल, जैविक राजमा, तुअर दाल और साबूत हरा मूंग ? आज ये सारे 100 परसेंट ऑर्गेनिक भारत ब्रांड के नाम से उपलब्ध हैं।

दूसरी विशिष्ट बात यह है कि जो ज्यादा रेट मिलता है, वह रेट अमूल के ही पैटर्न पर, 20 प्रतिशत ही ऑर्गेनिक लिमिटेड के एकाउंट में जाता है, 80 प्रतिशत पर-केजी के हिसाब से सीधे किसान के एकाउंट में भेज दिया जाता है। हम किसान को पहले एक बेस रेट देते हैं, मगर जो ज्यादा रेट मिलता है, वह 31/3 तक इसका हिसाब-किताब करके पर-केजी वापस देने की बात की है।

मान्यवर, एनसीडीसी सालों से बनी है, सहकारिता मंत्रालय मोदी जी ने बनाया, क्या परिवर्तन हुआ? इसके बारे में सब जानते हैं कि एनसीडीसी सहकारी संस्थाओं को ऋण देने का काम करती है। मगर पहले कोई ऋण लेने के लिए आए, ऐसा सहकारी आंदोलन ही नहीं था। एनसीडीसी वर्ष 2020-21 में 25 हजार करोड़ रुपये का टर्नओवर करती थी, 25 हजार करोड़ रुपये का ऋण वितरित करती थी। वर्ष 2023-24 में 25 हजार करोड़ रुपये से 60 हजार करोड़ रुपये हुआ और 2024-25 से अब तक 1 लाख 28 हजार करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया। 25 हजार से 94 हजार करोड़ रुपये का ऋण कोऑपरेटिव सोसायटीज़ को देने का काम एनसीडीसी ने किया है।

ये सब होकर, एनसीडीसी का शुद्ध मुनाफा भी बढ़ाया है। इसका एनपीए कितना है? इसका नेट एनपीए ज़ीरो परसेंट है। एक आना पैसा भी एनपीए नहीं है।

मैं आज इस सदन में कहना चाहता हूँ कि जो छोटे किसान हैं, जो ग्रामीण व्यक्ति हैं, वह प्रामाणिक ऋण लेता है, तो ऋण चुकाता भी है और सूद भी देता है। इसलिए नेट ज़ीरो एनपीए के साथ इसने 1 लाख 28 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। एनसीडीसी ने 44 समुद्री ट्रॉलर्स महाराष्ट्र और गुजरात के मछुआरों के लिए दिए हैं, जो डीप सी में जाकर मत्स्य का उद्योग करते हैं, 48 सहकारी चीनी मिलों को 10 हजार करोड़ रुपए दिये हैं, लगभग 1900 एफपीओज बनाए हैं, 1,070 एफएफपीओज बनाये हैं और इस बार 800 करोड़ रुपए का मुनाफा एनसीडीसी को होगा। इसने ऋण भी बढ़ाया, ज़ीरो एनपीए भी किया और मुनाफे को 500 करोड़ रुपए से 800 करोड़ रुपए तक करने का काम एनसीडीसी ने किया है।

मान्यवर, कई सारे नये बदलाव किये गये हैं। सहकारी क्षेत्र में समस्त धन का प्रवाह, सहकारी बैंक्स को जोड़ने के लिए, हमने गुजरात के पंचमहल और बनासकांठा जिले में Co-operation among Co-operatives किया है। हर सहकारी संस्था का एकाउंट को-ऑपरेटिव बैंक में होगा। सहकारी समिति का जो सदस्य होगा, उसका भी एकाउंट को-ऑपरेटिव बैंक में होगा। मान्यवर, मैंने भी अपना एकाउंट को-ऑपरेटिव बैंक में कर लिया है।

मान्यवर, इस आन्दोलन के कारण गुजरात के बैंकों के अन्दर लगभग 8 हजार करोड़ रुपए के डिपॉजिट की बढ़ोतरी हुई है।? (व्यवधान) सहकारी चीनी मिलों के लिए हमने कई सारे काम किये हैं। पहले मैं सहकारी बैंकों की बात बताऊँगा। वर्ष 2003 से यूसीबी को नये ब्रांच खोलने की परमिशन नहीं थी, अब उनको रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से, अपने आप 10 प्रतिशत तक नयी शाखाएं खोलने की परमिशन मिल गई है। पहले इनको डोर स्टेप बैंकिंग की परमिशन नहीं थी, अब अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक डोर स्टेप बैंकिंग कर सकता है। पहले उनको वन टाइम सेटलमेंट की परमिशन नहीं थी, अब वे भी नैशनलाइज्ड और शिड्युल्ड बैंक्स की तरह वन टाइम सेटलमेंट कर सकते हैं। उनको पीएसएल के लिए 5 साल का समय दिया गया है। पहले आरबीआई में को-ऑपरेटिव बैंक्स की कोई सुनवाई नहीं थी। अब वहाँ एक नोडल ऑफिसर बनाया गया है, जो को-ऑपरेटिव बैंक्स की समस्याओं को आरबीआई में सुनेगा। अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक की आवासन ऋण की सीमा को दो गुना कर दिया गया है और वाणिज्यिक रियल एस्टेट्स को भी ऋण देने की परमिशन भी अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक से दी गई है। नॉन-शिड्युल्ड बैंकों के लिए ढेर सारे काम किये गये हैं ताकि वे मजबूत हों। घर लोन की सीमा को भी डबल किया गया है। राष्ट्रीय सहकारी वित्त विकास निगम ने एक अम्ब्रेला संगठन NUCFDC बनाया है, अगर कोई भी को-ऑपरेटिव बैंक वीक पड़ेगी, तो वह उसको फाइनेंस करेगा और उसे बंद होने से बचाएगा एवं डिपॉजिटर्स का जो बीमा था, श्री नरेन्द्र मोदी जी ने उसको भी 1 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए तक करने का काम किया है।

मान्यवर, इसके कारण को-ऑपरेटिव बैंकों में विश्वास बढ़ा है। अगर मैं सहकारी चीनी मिलों की बात करूँ, तो कई सालों से बड़े-बड़े को-ऑपरेटिव लीडर्स कृषि मंत्री रहे, मगर सहकारी चीनी मिलों की जो इनकम टैक्स की समस्या थी, वह कभी समाप्त नहीं होती थी। श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सहकारिता मंत्रालय के बनने के बाद, वर्ष 2022 में, वर्ष 2016 से चलते हुए असेसमेंट की प्रॉब्लम को हमेशा के लिए समाप्त किया। चीनी मिलों की डिमांड, जो 46 हजार करोड़ रुपए थी, वह समाप्त हो गई और हर साल 8 हजार करोड़ रुपए की नई डिमांड जेनरेट हुई। शायद ही आज़ादी के बाद को-ऑपरेटिव चीनी मिलों को इतना बड़ा फायदा हुआ हो। 84 मिलों को 10 हजार करोड़ रुपए का हमने ऋण स्वीकृत किया।

इथेनॉल ब्लेंडिंग कार्यक्रम में सहकारी चीनी मिलों की प्रायॉरिटी तय की गई। मोलासिस आधारित इथेनॉल संयंत्रों को और मल्टीफीड संयंत्र, मतलब जब गन्ने की मिल चल नहीं रही है, तो उसमें मक्के और बाकी सारे उत्पादों से भी वे इथेनॉल बना पाएं, इस तरह के मल्टीफीड संयंत्र में परिवर्तित करने की हमने फाइनेंस की योजना चालू की। मोलासिस पर जीएसटी की दर को 28 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है। ? (व्यवधान)

मान्यवर, हमने सीआरसीएस के पूरे कार्यालय का कंप्यूटिराइज़ेशन किया, राज्य के रजिस्ट्रार के पूरे कार्यालय का कंप्यूटिराइज़ेशन किया, ग्रामीण विकास बैंको की सारी ब्रांचों का कंप्यूटिराइज़ेशन किया। यह पूरा खर्चा भारत सरकार ने उठाया है।

? (व्यवधान) श्वेत क्रांति ? 2.0 के लिए भी हमने लक्ष्य रखे। दूध के प्रोक्योरमेंट में अभी 660 लाख लीटर प्रतिदिन होता है। हम 2028-29 तक इसको 660 लाख लीटर से बढ़ाकर 1,000 लाख लीटर तक पहुंचाने का काम करेंगे। ? (व्यवधान) आज विगत तीन सालों में भारत दुनिया में सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश ऑलरेडी बन चुका है। ? (व्यवधान)

मान्यवर, विश्व के दूध उत्पादन का वन-फोर्थ उत्पादन भारत में होता है। वर्ष 2023-24 में यह बढ़कर लगभग 24 करोड़ टन हो गया है। वर्ष 2014-15 में जब हम आए थे, तब यह 14 करोड़ टन था। दस साल में ही, आजादी से वर्ष 2014 तक 14 करोड़ टन और वर्ष 2014 से 2024 तक 24 करोड़ टन हुआ है। ? (व्यवधान) ये कहते हैं कि सब मोदी जी ने ही किया है? ? (व्यवधान) भाई, मैं तो हिसाब-किताब लेकर आया हूं। ? (व्यवधान) 75 सालों में दूध का उत्पादन 14.6 करोड़ टन तक पहुंचा और दस सालों में 14.6 करोड़ टन से 24 करोड़ टन तक पहुंच गया। ? (व्यवधान)

मान्यवर, आज 22 राज्य स्तरीय संघ हैं। ? (व्यवधान) अरे यार, राहुल जी नहीं हैं, क्यों बोलते हो? कोई नहीं सुनता है, सीआर नहीं सुधरेगी। ? (व्यवधान) 23 राज्य स्तरीय संघ हैं, 240 जिला स्तरीय संघ हैं और 28 विपणन डेयरियां भी बनी हैं। ? (व्यवधान) 2.30 लाख गांवों में प्राथमिक दूध उत्पादक कमेटियां भी बन चुकी हैं।

मान्यवर, लगभग हमने अब इसके अंदर चक्रीय व्यवस्था, सर्कुलर इकोनॉमी की व्यवस्था की है। प्राइवेट में दूध बेचने वाले पशु को भी आहार अब कोऑपरेटिव डेयरियां देंगी, उनका टीकाकरण भी कोऑपरेटिव डेयरियां करेंगी, उनके गोबर को भी कोऑपरेटिव डेयरियां कलेक्ट करके गैस बनाने का काम करेंगी। जब पशु की मृत्यु होती है, तो उसकी चमड़ी और हड्डी भी कोऑपरेटिव के माध्यम से बाजार में ऊंचे दामों में किसान को मिलने का काम ये डेयरियां करेंगी। ? (व्यवधान) इन सारे प्रोजेक्ट्स पर साइमलटेनियसली 10,000 करोड़ रुपए के खर्चे से काम चालू हो गया है। डेयरी के अंदर पशु के गोबर से लेकर पशु की हड्डी और चमड़ी तक सारा मुनाफा पशुपालन करने वाले गरीब किसान के पास जाए, इसकी हमने व्यवस्था की है। ? (व्यवधान)

मान्यवर, हम डेयरी के लिए काम करते हैं, इसमें 70 प्रतिशत से अधिक हमारी माताएं जुड़ी हुई हैं, बहनें जुड़ी हुई हैं, बच्चियां जुड़ी हुई हैं। महिला किसान डेयरी के उद्योग के साथ जुड़ी हुई हैं। जब डेयरी उद्योग के अंदर इतना बड़ा आर्थिक फायदा होगा, तो महिला इमपावरमेंट भी इससे होगा।

मान्यवर, दलहन की एमएसपी पर खरीदी करने के लिए सालों से ये लोग मांग कर रहे थे, कांग्रेस की सरकार ने कुछ नहीं किया। हमने तीन दालों में 100 परसेंट, जो हमारी एप पर जाएगा, नाफेड और एनसीसीएफ, इन दोनों की साइट्स पर जाएगा और अपने आपको रजिस्टर करेगा, तो एमएसपी पर उसका शत-प्रतिशत दलहन भारत सरकार खरीदेगी। ? (व्यवधान) मक्के का किसान देश में कहीं भी है, यदि वह नाफेड और एनसीसीएफ की साइट पर जाएगा, तो उसकी शत-प्रतिशत खरीद भारत सरकार एमएसपी पर करेगी।

मान्यवर, यह पहली बार हो रहा है। ? (व्यवधान) ये लोग, जो कह रहे हैं कि सब आपके आने के बाद हुआ है? हां जी, हमारे आने के बाद ही हुआ है। ? (व्यवधान) हमने पहली बार कोऑपरेटिव्स में सहकारी रैंकिंग फ्रेमवर्क बनाया है। सात प्रमुख क्षेत्र, सब

क्षेत्र हम आवृत कर लेंगे, मगर अभी इनके पैरामीटर्स बनने हैं। पैक्स, डेयरी, मत्स्यपालन, अर्बन कोऑपरेटिव बैंक, आवास क्रेडिट और खादी और ग्रामोद्योग, इनकी समितियों की रैंकिंग के पैरामीटर्स बन गए हैं। अब जिला स्तर पर, राज्य स्तर पर और राष्ट्रीय स्तर पर एक्सिलेंस के अवॉर्ड भी दिए जाएंगे और इनकी रैंकिंग के हिसाब से कोऑपरेटिव बैंकों से उनको ऋण मिलने की भी व्यवस्था होगी ।

मान्यवर, मोदी जी ने यह जो नारा ?सहकार से समृद्धि? का दिया है, यह सिर्फ नारा नहीं है, इसको जमीन पर उतारने के लिए 3.5 साल में सहकारिता मंत्रालय ने दिन-रात एक किया है। आने वाले दिनों में, कुछ ही महीनों में कोऑपरेटिव बेसिस पर ओला, उबर जैसी एक बहुत बड़ी कोऑपरेटिव सहकार टैक्सी आने वाली है, जो टू व्हीलर का भी रजिस्ट्रेशन करेगी, जो रिक्शा का भी रजिस्ट्रेशन करेगी और फोर व्हीलर का भी करेगी और उसका मुनाफा किसी धन्ना सेठों के हाथ में नहीं जायेगा, वह ड्राइवर के पास जायेगा। हम इस प्रकार का कोऑपरेटिव लेकर आ रहे हैं और बहुत कम समय के अंदर एक कोऑपरेटिव इंश्योरेंस कंपनी भी बनने जा रही है, जो देश भर की सभी कोऑपरेटिव व्यवस्था का इंश्योरेंस करने का काम करेगी।

मान्यवर, मैं विश्वास से बताता हूँ कि यह कंपनी बनने के बाद कुछ ही समय में प्राइवेट सेक्टर में सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी यह कोऑपरेटिव इंश्योरेंस कंपनी बन जायेगी।? (व्यवधान)

मान्यवर, यह मैं अपने जवाब में कहने वाला था, मगर ये बीच में ही यूपी-यूपी-यूपी कर रहे हैं। यह जो मैं यूनिवर्सिटी वाला विधेयक लेकर आया हूँ, इस यूनिवर्सिटी का स्थान गुजरात में है, क्योंकि गुजरात सरकार ने जगह दी है, परन्तु यूनिवर्सिटी का कार्य क्षेत्र पूरा भारत है। हर राज्य के अंदर जो कोऑपरेटिव? (व्यवधान) आप सुनिए। अगर पूछते हैं तो सुनिए। जरा सुनिए, जरा धैर्य रखिए।

मान्यवर, इसका कार्य क्षेत्र पूरा भारत है। पूरे देश में, चाहे असम में कोई कोऑपरेटिव ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट है, उसको भी स्कूल या कॉलेज के नाते इसका स्टेट्स देखकर हम रजिस्टर करेंगे, यूपी में भी करेंगे, तमिलनाडु में भी करेंगे, केरल में भी करेंगे, ओडिशा में भी करेंगे, क्योंकि इतना सारा कोऑपरेटिव का विकास हो रहा है, तो हर जगह ट्रेंड ह्यूमन रिसोर्स, ट्रेंड बंदों की जरूरत है और वे हमें इसी यूनिवर्सिटी के माध्यम से मिलेंगे।

मान्यवर, आज जब मैं यहाँ आया हूँ, तब मैं आपको बताना चाहता हूँ कि यह यूनिवर्सिटी क्यों बनी? यह मैंने जो बैकग्राउंड बताया है, 3.5 साल में कोऑपरेटिव का जो विकास किया है, कोऑपरेटिव हर क्षेत्र में पनपी है। वहाँ कोऑपरेटिव वीक होने का एक कारण भी था कि जो समितियों में होता था, वे अपने चट्टों-बट्टों को नौकरी देते थे। अब क्योंकि सहकारिता के क्षेत्र में कोई डिग्री ही नहीं है, तो अगर कोई मानक बनाना है तो भी क्या बनाते? कोऑपरेटिव यूनिवर्सिटी बनने के बाद इसके डिप्लोमा और डिग्री वालों को ही नौकरी मिलेगी, जो मेरिट में होंगे। गरीब बच्चों को नौकरी मिलेगी। मान्यवर, प्रॉफिट बेस मॉडल को हम प्रोग्रेस बेस मॉडल बनाना चाहते हैं, प्रोस्पेरिटी बेस मॉडल बनाना चाहते हैं और मैं यह मानता हूँ कि डोमेस्टिक के साथ-साथ ग्लोबल वैल्यू चेन में भी हम बहुत बड़ा योगदान करेंगे।

मान्यवर, एक न्यू ऐज कोऑपरेटिव कल्चर भी इस यूनिवर्सिटी से शुरू होगा। सहकारी शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान देश भर में हजारों की संख्या में फैले हुए हैं, मगर किसी का कॉमन कोर्स नहीं है। जैसे पैक्स का सेक्रेटरी है, तो इसका कोई कोर्स ही नहीं है।

**18.00 hrs**

को-आपरेटिव बैंक में काम करने वाला व्यक्ति, इसका कोई कोर्स नहीं है। चीनी मिल के अंदर काम करने वाला टेक्निशियन, इसका कोई कोर्स नहीं है। सादी इंजीनियरिंग पढ़कर ही वह वहां काम करता है। आज सारे को-आपरेटिव से जुड़े जो रिक्वायरमेंट्स हैं, इसके कोर्स डिजाइन करने का काम हमने यूनिवर्सिटी बनने के पहले से ही चालू कर दिया है। डिग्री कोर्स भी बनेंगे। डिप्लोमा कोर्स भी बनेंगे। पीएचडी भी दी जाएगी और जो एग्जिस्टिंग कर्मचारी हैं, उनको एक सप्ताह का सर्टिफिकेट कोर्स भी देंगे।

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, यदि आपकी सहमति हो तो सभा की कार्यवाही इस विषय की समाप्ति तक बढ़ा दी जाए।

**अनेक माननीय सदस्य :** जी हाँ।

**श्री अमित शाह :** मान्यवर, इस बिल के माध्यम से सहकारी सिद्धांतों का विस्तार होगा। सहकारी गतिविधियों का विस्तार होगा। नई प्रौद्योगिकी का फायदा को-आपरेटिव को मिलेगा। अनुसंधान और नवाचार भी बढ़ेंगे और जमीन पर एक मजबूत को-आपरेटिव खाका समग्र देश में सिमेट्रिक तरीके से डेवलप होगा, यह मेरा विश्वास है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी और यह जो एपेक्स सरकारी विश्वविद्यालय बनेगा, जो त्रिभुवन पटेल जैसे महान व्यक्ति के नाम के साथ जुड़ा है, वह इस देश के सहकारिता क्षेत्र को बहुत अच्छे सहकारिता कर्मी देने का काम करेगा।

मान्यवर, IRMA को सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत किया गया था। त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय हब एंड स्पोक मॉडल पर चलेगा। विश्वविद्यालय का हब विश्वविद्यालय का कैम्पस और स्कूल होगा। विश्वविद्यालय का स्पोक संबंध संस्थान होगा और सहकारिता क्षेत्र के लिए समर्पित देश का पहला विश्वविद्यालय 75 वर्ष की आजादी के बाद अब बनेगा और यह पूर्णत: क्रियाशील होने के बाद प्रति वर्ष लगभग 8 लाख लोगों को शिक्षण चाहे डिग्री, चाहे डिप्लोमा, चाहे सर्टिफिकेट और चाहे अनुसंधान पीएचडी करने के लिए लगभग आठ लाख लोगों की केपेसिटी इस सहकारिता विद्यालय की होगी क्योंकि करीब-करीब हर जिले में इसके संबद्ध कालेज और स्कूलों को पहले एक साल के अंदर ही खोला जाएगा। इसके अंदर 10वीं और 12वीं पास लोगों के भी कोर्स होंगे। इंजीनियरिंग के बच्चों के लिए भी कोर्स होंगे। चार्टर्ड एकाउंटेंट के लिए भी को-आपरेटिव बैंकिंग के कोर्स होंगे। टेक्नोलॉजी के छात्र जो इंजीनियर बन कर आए हैं, इनको को-आपरेटिव की टेक्नोलॉजी की रिक्वायरमेंट जैसे डेयरी है और बाकी दूसरी चीजें हैं, इन सबके लिए दरियाई सम्पदा की प्रोसेसिंग आदि इस प्रकार की कई चीजें हैं। इसके लिए भी अनुकूल कोर्स होंगे। बड़े पैमाने पर ई-लर्निंग और ?स्वयं?, जो प्रधान मंत्री जी का एक इनिशिएटिव है, इसके माध्यम से हम आगे बढ़ेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप लचीली प्रवेश और निकास प्रणाली भी एक मल्टी डिसिप्लीनरी पाठ्यक्रम के साथ काम करेगी। को-आपरेटिव के साथ बच्चा बहुत सारा पढ़ पाएगा।

मान्यवर, जब ये आठ लाख लोग प्रति साल या तो सर्टिफिकेट या तो डिप्लोमा या डिग्री लेकर निकलेंगे, मुझे विश्वास है कि एक नए रक्त का संचार को-आपरेटिव मूवमेंट में होगा और हमने जो खाका बनाया है, वह खाका भी मजबूत होगा और सिमेट्रिक सहकारी स्ट्रक्चर का निर्माण होगा। मान्यवर, मैं यहां पर खड़ा रहकर इस पवित्र सदन में जब सहकारिता की बात कर रहा हूं, बहुत सारे लोगों को मालूम नहीं होगा कि मैं 18 साल की आयु से ही को-आपरेटिव से जुड़ा हूं और हर क्षेत्र के को-आपरेटिव का मुझे एक्सपीरिएंस है। इसकी कमियों को भी मैंने खुद झेला है और इसकी खूबियों का आनंद भी मैंने लिया है। कमियां बंद करके, खूबियां बढ़ाकर एक समृद्ध ग्रामीण भारत की नींव नरेन्द्र मोदी जी डालना चाहते हैं। ये विश्वविद्यालय का बिल इसमें मजबूत स्ट्रक्चर प्रदान करेगा, ऐसा मेरा विश्वास है और मैं प्रतिपक्ष के मेरे साथियों को अपील करना चाहता हूं कि कभी-कभार तो सर्वसम्मति से कुछ करिए। यह किसानों के लिए है, गांवों के लोगों के लिए है, इसे कम से कम विरोध के बगैर पारित कराइए, ऐसी मेरी विनती है। धन्यवाद ।? (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्रेमचन्द्रन जी, हमें प्रयास करना चाहिए कि सहकारिता क्षेत्र ही है, जो देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था से शहरी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकता है और इसके लिए ट्रेनिंग, प्रशिक्षण और शिक्षण की बहुत आवश्यकता है इसलिए इसे सर्वसम्मति से पारित करें।

प्रश्न यह है:

?कि इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट, आणंद, ?त्रिभुवन? सहकारी यूनिवर्सिटी के रूप में ज्ञात विश्वविद्यालय की स्थापना करने और उसे राष्ट्रीय महत्व की संस्था घोषित करने; सहकारी क्षेत्र में तकनीकी और प्रबंधन शिक्षा तथा प्रशिक्षण प्रदान करने; सहकारी अनुसंधान और विकास की प्रोन्नति करने तथा ?सहकार से समृद्धि? के दर्शन को चरित्रार्थ करने के क्रम में इसमें वैश्विक श्रेष्ठता के मानकों को प्राप्त करने और संस्थाओं के तंत्र के माध्यम से देश में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए, और उस संस्थान को विश्वविद्यालय के एक स्कूल के रूप में घोषित करने और उससे संबद्ध तथा उसके आनुषंगिक विषयों के लिए विधेयक पर विचार किया जाए।?

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।*

**माननीय अध्यक्ष :** अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी।

**CLAUSE 2** *Declaration of Tribhuwan Sahkari University as institution of national importance*

**माननीय अध्यक्ष :** श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन जी, क्या आप संशोधन संख्या 10 और 11 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM):** Sir, it is quite unfortunate to say that the hon. Minister has not even responded to any of the major issues which we have raised regarding the contention of the Bill. The contention of the Bill has to be responded by the hon. Minister. Otherwise, why should we speak? So many issues have been raised by us. Unfortunately, nothing has been responded.

So, I am moving the amendment. It is related to the name of the university.

I beg to move:

?Page 2, line 4,-

*for* ??Tribhuvan? Sahkari University?

*substitute* ?National Co-operative University?.? (10)

?Page 2, line 6, -

*for* ??Tribhuvan? Sahkari University?

*substitute* ?National Co-operative University?.? (11)

**माननीय अध्यक्ष :** अब मैं श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन जी द्वारा खंड 2 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 10 और 11 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए।*

**माननीय अध्यक्ष :** श्री के. राधाकृष्णन जी, क्या आप संशोधन संख्या 47 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI K. RADHAKRISHNAN (ALATHUR):** Sir, I beg to move:

?Page 2, line 4, -

*for* ??Tribhuvan? Sahkari University?

*substitute* ?National Co-operative University of India?.? (47)

**माननीय अध्यक्ष :** अब मैं श्री के. राधाकृष्णन जी द्वारा खंड 2 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 47 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।*

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

?कि खंड 2 विधेयक का अंग बने ।?

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।*

*खंड 2 विधेयक में जोड़ दिया गया ।*

**CLAUSE 3** *Definitions*

**माननीय अध्यक्ष :** श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन जी, क्या आप संशोधन संख्या 12 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN:** Sir, it has already become infructuous. So, I am not moving my amendment because it is already rejected.

**माननीय अध्यक्ष :** श्री के. राधाकृष्णन जी, क्या आप संशोधन संख्या 48 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI K. RADHAKRISHNAN:** Sir, I am not moving my amendment.

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

?कि खंड 3 विधेयक का अंग बने ।?

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।*

*खंड 3 विधेयक में जोड़ दिया गया ।*

**CLAUSE *4*** *Extablishment and incorporation of ?Tribhuvan? Sahkari Univerisity*

**माननीय अध्यक्ष :** प्रो. सौगत राय जी, क्या आप संशोधन संख्या 1 और 2 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM):** Sir, my amendment No. 1 is for Tribhuvan Sahkari University. This should be named as ?National Cooperative University?.  Tribhuvan Das Patel was not the only man doing cooperative in this country, and the Home Minister has not mentioned Dr. Kurien?s name. So, I move the amendment.

I beg to move:

?Page 3, line 36, -

*for* ??Tribhuvan? Sahkari University?

*substitute* ?National Cooperative University?.? (1)

Page 3, *for* lines 41 and 42, -

*substitute* ?Gujarat and an Eastern Campus of the University at Kolkata in the State of West Bengal. The University may also establish Schools or outlying campuses or affiliate institutes or sub-centres at all state capitals and at such other places in India as it may deem fit:?.? (2)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय गृह मंत्री जी, क्या आप कुछ बोलना चाहते हैं?

**श्री अमित शाह :** मान्यवर, ये जितने माननीय सदस्य कुरियन साहब का नाम लेते हैं, उन सबको यह मालूम भी नहीं होगा कि कुरियन साहब का शताब्दी वर्ष चल रहा है, जिसे गुजरात सरकार मना रही है। इसे न केरल सरकार मनाती है, न ही पश्चिम बंगाल सरकार मनाती है।

साहब, मैं एक बात स्पष्टता से कहना चाहता हूं कि अमूल की नींव त्रिभुवनदास पटेल ने डाली। कुरियन जी को अमूल में जॉब देने का काम त्रिभुवन पटेल ने किया। उनको डेयरी विज्ञान बढ़ाने के लिए त्रिभुवन पटेल ने ही नीदरलैंड भेजा।

मान्यवर, हर व्यक्ति तक, हर गरीब महिला तक यह मुनाफा पहुंचे, यह स्पिरिट भी त्रिभुवन पटेल का ही था, इसलिए इसे त्रिभुवन पटेल के नाम से रखा गया है।? (व्यवधान)

कुरियन जी की कंट्रीब्यूशन है, इसलिए हम उनकी शताब्दी वर्ष मना रहे हैं। एक भी कांग्रेस शासित राज्य उनकी शताब्दी वर्ष नहीं मना रहा है।? (व्यवधान) आप क्यों नहीं मनाते हैं? ? (व्यवधान)

मान्यवर, अगर किसी भी यूनिवर्सिटी का नाम रखेंगे तो वह किसी एक ही व्यक्ति के नाम से ही होगा। क्या कभी व्यक्तियों के समूह के नाम से यूनिवर्सिटीज़ बनती हैं?? (व्यवधान) हमने तो कम से कम हमारे अपने नेता का नाम नहीं दिया है, त्रिभुवनभाई पटेल कांग्रेस के नेता थे, यह आपको मालूम नहीं है।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष महोदय, कांग्रेस के नेता के नाम पर भी इनका ऑब्जेक्शन इसलिए है, क्योंकि वे नेहरू परिवार के सदस्य नहीं थे।? (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** अब मैं प्रो. सौगत राय जी द्वारा खंड 4 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 1 और 2 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखे गये तथा अस्वीकृत हुए।*

**श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन:** सर, संशोधन संख्या ? 13, मेरा सजेशन यह है कि त्रिभुवन पटेल का नाम यूनिवर्सिटी को दे दो, लेकिन आईआरएमए, इंटिट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट, आनंद को डॉ. वर्गिस कुरियन का नाम दे दो। यह हमारा अमेंडमेंट एक्सेप्ट करो।

Sir, I beg to move:

?Page 3, line 36,-

*for* ??Tribhuvan? Sahkari University?

*substitute* ?National Co-operative University?.? (13)

**माननीय अध्यक्ष :** अब मैं श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन जी द्वारा खंड 4 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 13 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।*

**माननीय अध्यक्ष:** श्री राजेश रंजन जी ? उपस्थित नहीं।

श्री के. राधाकृष्णन जी, क्या आप संशोधन संख्या 49 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI K. RADHAKRISHNAN (ALATHUR):** Sir, I beg to move:

?Page 3, line 36,-

*for* ??Tribhuvan? Sahkari University?

*substitute* ?National Co-operative University of India?.? (49)

**माननीय अध्यक्ष :** अब मैं श्री के. राधाकृष्णन जी द्वारा खंड 4 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 49 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।*

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

?कि खंड 4 विधेयक का अंग बने।?

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।*

*खंड 4 विधेयक में जोड़ दिया गया ।*

**CLAUSE 5** *Effect of establishment of University*

**माननीय अध्यक्ष :** श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन जी, क्या आप संशोधन संख्या 14 और 15 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN:** Sir, it is a very important amendment.

I beg to move:

?Page 4, line 20,-

*for* ?a Director?

*substitute* ?an Executive Director?. ? . (14)

*?*Page 4, line 40,-

*omit* ?and the like and at any place or location across India?.? (15)

**माननीय अध्यक्ष :** अब मैं श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन जी द्वारा खंड 5 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 14 और 15 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए ।*

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

?कि खंड 5 विधेयक का अंग बने ।?

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।*

*खंड 5 विधेयक में जोड़ दिया गया ।*

**CLAUSE 6** *Objects of University*

**माननीय अध्यक्ष :** प्रो. सौगत राय जी, क्या आप संशोधन संख्या 3, 4 और 5 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM):** Sir, I beg to move:

?Page 5, line 16,-

*after* ?through affiliating institutes?

*insert* ?or by acquiring existing cooperative colleges across the country.?.? (3)

?Page 5, line 34,-

*after* ?inter-disciplinary studies and research?

*insert* ?and courses for proper management and running of all types of cooperative institutes of the country.?.?

(4)

?Page 5, line 38,-

*omit* ?distance learning or?? (5)

**माननीय अध्यक्ष :** अब मैं प्रो. सौगत राय द्वारा खंड 6 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 3, 4 और 5 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए।*

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

?कि खंड 6 विधेयक का अंग बने।?

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।*

*खंड 6 विधेयक में जोड़ दिया गया।*

**CLAUSE 7** *Powers and functions of University*

**माननीय अध्यक्ष :** प्रो. सौगत राय, क्या आप संशोधन संख्या 6 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**PROF. SOUGATA RAY:** Sir, I beg to move:

?Page 7, line 4,-

*Omit* "on contract or otherwise visiting?.? (6)

**माननीय अध्यक्ष :** अब मैं प्रो. सौगत राय द्वारा खंड 7 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 6 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।*

**माननीय अध्यक्ष :** श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन जी, क्या आप संशोधन संख्या 16 और 17 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN:** The University has the authority to withdraw the certificates, diplomas and degrees for good and sufficient cause. What is the definition of good and sufficient cause? That is my amendment. Kindly accept it.

I beg to move:

?Page 6, lines 12 and 13,-

*omit* ?,and to withdraw any such certificates diplomas, degrees or other academic distinctions for good and sufficient cause?.?

(16)

?Page 7, lines 37 and 38,-

*for* ?or upon such securities and transpose any investment?

*substitute* ?the Nationalised Bank?.? (17)

**माननीय अध्यक्ष :** अब मैं श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन जी द्वारा खंड 7 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 16 और 17 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए।*

श्री अभय कुमार सिन्हा जी, क्या आप संशोधन संख्या 43 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**श्री अभय कुमार सिन्हा (औरंगाबाद) :** महोदय, मैं संशोधन संख्या 43 मूव करना चाहता हूँ।

पृष्ठ 8, पंक्ति 25-27 के स्थान पर निम्नलिखित *प्रतिस्थापित करें।*

"(xvii) आचार्यों, प्रतिष्ठित आचार्यों, परामर्शदाताओं और ऐसे अन्य व्यक्तियों को नियुक्त करना, जो विश्वविद्यालय के उद्देश्यों की अभिवृद्धि में योगदान दे सकें;"। (43)

**माननीय अध्यक्ष :** अब मैं श्री अभय कुमार सिन्हा जी द्वारा खंड 7 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 43 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।*

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

?कि खंड 7 विधेयक का अंग बने।?

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।*

*खंड 7 विधेयक में जोड़ दिया गया।*

*खंड 8 विधेयक में जोड़ दिया गया।*

**CLAUSE 9** *Powers of Central Government to review and issue directions*

**माननीय अध्यक्ष :** श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन जी, क्या आप संशोधन संख्या 18, 19 और 20 को प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN:** Sir, I have said this in my speech also, that is, annual the proceedings of the University. Let it seek the report.

I beg to move:

?Page 9, lines 3 and 4,-

*omit* ?appoint one or more persons to?.? (18)

?Page 9, line 12,-

*for* ?annul?

*substitute* ?seek report regarding?.? (19)

?Page 9, lines 17 and 18,-

*for* ?directions as the Central Government may give in writing to it?

*substitute* ?rules as the Central Government may frame?.?

(20)

**माननीय अध्यक्ष :** अब मैं श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन जी द्वारा खंड 9 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 18, 19 और 20 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए।*

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

?कि खंड 9 विधेयक का अंग बने।?

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।*

*खंड 9 विधेयक में जोड़ दिया गया।*

*खंड 10 से 20 विधेयक में जोड़ दिए गए।*

**माननीय अध्यक्ष:** प्रो. सौगत राय जी, क्या आप संशोधन संख्या 7 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**PROF. SOUGATA RAY:** Sir, I beg to move:

?Page 12, *after* line 5,-

*insert* *"(ia)* one representative of the West Bengal State Cooperative Ltd.".? (7)

**माननीय अध्यक्ष:** अब मैं प्रो. सौगत राय द्वारा खंड 21 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 7 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।*

**माननीय अध्यक्ष :** श्री अभय कुमार सिन्हा जी, क्या आप संशोधन संख्या 44 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**श्री अभय कुमार सिन्हा :** अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं :

पृष्ठ 15, पंक्ति 28 के पश्चात् निम्नलिखित अंत:स्थापित करें।

?(थक) बिहार राज्य सहकारी लिमिटेड का प्रतिनिधि ? सदस्य, पदेन; और? *।* (44)

***m68 माननीय अध्यक्ष :** अब मैं श्री अभय कुमार सिन्हा द्वारा खंड 21 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 44 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।*

**माननीय अध्यक्ष:** श्री के. राधाकृष्णन जी, क्या आप संशोधन संख्या 50 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI K. RADHAKRISHNAN:** Sir, I beg to move:

?Page 12, *after* line 21,-

*insert* "(*qa*) one representative of the Kerala State Cooperative Ltd ? Member, *ex-officio*; and".? (50)

**माननीय अध्यक्ष:** अब मैं श्री के. राधाकृष्णन जी द्वारा खंड 21 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 50 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।*

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

?कि खंड 21 विधेयक का अंग बने।?

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।*

*खंड 21 विधेयक में जोड़ दिया गया।*

*खंड 22 से 40 विधेयक में जोड़ दिये गये।*

**Clause 41** *Conditions of service of emplyees etc.*

**माननीय अध्यक्ष:** प्रो. सौगत राय जी, क्या आप संशोधन संख्या 8 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**PROF. SOUGATA RAY :** Sir, this is a very important amendment because the law is anti-labour. So, I beg to move:

?Page 17, *for* lines 41 to 48,-

*substitute* "(1) Every employee of the University shall be appointed as per rules and provisions of University Grants Commission.

(2) Any dispute arising between University and any employee shall be referred to departmental committee and the appeal against the decision of such committees shall be considered by the concerned High Court in accordance with existing rules and provisions of University Grants Commission.".*?* (8)

**माननीय अध्यक्ष:** अब मैं प्रो. सौगत राय द्वारा खंड 41 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 8 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।*

**माननीय अध्यक्ष:** श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन जी, क्या आप संशोधन संख्या 21 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

***m71 SHRI N. K. PREMACHANDRAN:** Sir, I am moving my amendment No. 21 as it is anti-labour. So, I beg to move:

?Page 17, line 42,-

*for* ?contract?

*substitute* ?order?.*?* (21)

**माननीय अध्यक्ष:** अब मैं श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन जी द्वारा खंड 41 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 21 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।*

**माननीय अध्यक्ष :** श्री अभय कुमार सिन्हा जी, क्या आप संशोधन संख्या 45 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**श्री अभय कुमार सिन्हा:** अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं :

पृष्ठ 22, पंक्ति 27-34 के स्थान पर निम्नलिखित *प्रतिस्थापित करें।*

?(1) विश्वविद्यालय का प्रत्येक कर्मचारी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों एवं उपबंधों के अनुसार नियुक्त किया जाएगा।

(2) विश्वविद्यालय और किसी कर्मचारी के बीच उद्भूत होने वाला कोई विवाद विभागीय समिति को निर्दिष्ट किया जाएगा तथा उक्त समिति के निर्णय के विरुद्ध अपील का निर्णय संबंधित उच्च न्यायालय द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों एवं उपबंधों के अनुसार किया जाएगा*।*? (45)

***m74 माननीय अध्यक्ष :** अब मैं श्री अभय कुमार सिन्हा द्वारा खंड 41 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 45 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।*

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

?कि खंड 41 विधेयक का अंग बने।?

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।*

*खंड 41 विधेयक में जोड़ दिया गया।*

**Clause 42** *Right to appeal*

**माननीय अध्यक्ष:** श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन जी, क्या आप संशोधन संख्या 22 और 23 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN:** Sir, these are the amendments regarding Clause 42. So, I beg to move:

?Page 18, line 13,-

*for* ?Executive Council?

*substitute* ?High Court?.? (22)

?Page 18, *omit* lines 14 and 15.? (23)

**माननीय अध्यक्ष:** अब मैं श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन जी द्वारा खंड 42 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 22 और 23 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखे गये तथा अस्वीकृत हुए ।*

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

?कि खंड 42 विधेयक का अंग बने ।?

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।*

*खंड 42 विधेयक में जोड़ दिया गया ।*

*खंड 43 से 53 विधेयक में जोड़ दिये गये ।*

*पहली और दूसरी अनुसूची विधेयक में जोड़ दी गई ।*

**Clause 1** *Short title and commencement*

**माननीय अध्यक्ष:** श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन जी, क्या आप संशोधन संख्या 9 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN:** Sir, the hon. Minister has given an assurance that this Institute may be given the name of Dr. Varghese Kurien. So, I beg to move:

?Page 1, line 5,-

*for* ??Tribhuvan? Sahkari University Act, 2025?

*substitute* ?National Co-operative University Act, 2025?.*?* (9)

**माननीय अध्यक्ष:** अब मैं श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन जी द्वारा खंड 1 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 9 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ ।*

**माननीय अध्यक्ष :** श्री के. राधाकृष्णन, क्या आप संशोधन संख्या 46 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI K. RADHAKRISHNAN:** Sir, I am moving my Amendment No.46 to Clause 1 of the Bill.

I beg to move:

?Page 1, line 5,-

*for* ??Tribhuvan? Sahkari University?

*substitute* ?National Co-operative University of India?.? (46)

**माननीय अध्यक्ष :** अब मैं श्री के. राधाकृष्णन जी द्वारा खंड 1 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 46 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

*संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।*

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है:

?कि खंड 1 विधेयक का अंग बने।?

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।*

*खंड 1 विधेयक में जोड़ दिया गया।*

*अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।*

**माननीय अध्यक्ष :** मंत्री जी, अब प्रस्ताव करें कि विधेयक को पारित किया जाए।

**गृह मंत्री; तथा सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह) :** मान्यवर, मैं प्रस्ताव करता हूं:

?कि विधेयक पारित किया जाए।?

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है:

?कि विधेयक पारित किया जाए।?

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।*

**माननीय अध्यक्ष :** सभा की कार्यवाही गुरूवार, दिनांक 27 मार्च, 2025 को प्रात: 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

**18.21 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock*

*on Thursday, March 27, 2025/Chaitra 06, 1947 (Saka).*

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

@ Since Shri Charanjit Singh Channi was not present, Hon?ble Speaker asked the Hon?ble Minister to lay the reply.

* English translation of the speech originally delivered in Sindhi.

* Treated as laid on the Table.

* Expunged as ordered by the Chair.

* Expunged as ordered by the Chair.

* Expunged as ordered by the Chair.

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

* Expunged as ordered by the Chair.

* Expunged as ordered by the Chair.

* Not recorded as ordered by the Chair.